रांची, मंगलवार, 19 नवंबर 2024
संवत 2081, मार्गशीर्ष कृष्ण चार- मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 73 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक



4 ▸▸ पोषण के विकल्प
चेतेश्वर पुजारा की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में एंट्री, करेंगे कमेंट्री ◂◂ 6




# दूसरे चरण में 38 सीटों पर मतदान कल

■ 528 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे 1.23 करोड़ मतदाता ■ आखिरी फेज में सीएम हेमंत, कल्पना, मरांडी सहित 528 कैंडिडेट्स



मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड में दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को होगा। 38 विधानसभा क्षेत्र के लिए 528 उम्मीदवार दावेदारी ठोक रहे हैं, जिसमें 55 महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं। दूसरे चरण के लिए 1.23 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 62.8 लाख पुरुष और 61 लाख महिला और 145 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। वहीं 18 से 19 वर्ष के 55 हजार युवा मतदाता मतदान करेंगे। 50 हजार से अधिक मतदाता 85 से अधिक उम्र वाले मतदाता भी चुनाव में अपने भागीदारी निभाएंगे। दूसरे चरण का मतदान 14218 मतदान केंद्र पर होगा, जिसमें 11804 मतदान केंद्र ग्रामीण क्षेत्र और 2414 शहरी क्षेत्र में स्थापित है। हरेक बूथ पर 871 एवरेज मतदाता होंगे। सभी बूथों पर वेबकास्टिंग से नजर रखी जाएगी।

## पोलिंग पार्टियां हो रही रवाना



**रांची:** झारखण्ड संस्कृति से सरोबार द्वितीय चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां मतदान के लिए विभिन्न मतदान बूथों में अपनी जिम्मेदारी निभाने निकल रहें हैं। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वितीय चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों के मतदान के लिए रवाना होने की लगातार मॉनिटरिंग कर रहें हैं।

## पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, उड़े परखच्चे, दो गंभीर

### रिम्स में चल रहा है घायलों का इलाज



मेट्रो रेज

**रांची:** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में सोमवार की रात करीब एक बजे बीआर 01एच0611 नंबर की एक कार तेज रफ्तार की वजह से अनियंत्रित होकर सीधे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार सवार सभी चार युवक सड़क पर इधर-उधर सामान की तरह बिखर गए। गनीमत थी कि मोरहाबादी मैदान में चुनाव को लेकर वाहन रखे गए थे जहां वाहन कोषांग के कर्मी भी मौजूद थे। हादसे को देख वाहन कोषांग के कर्मियों ने मोरहाबादी टीओपी प्रभारी को फोन कर मामले की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस एक्टिव हुई। पीसीआर और एम्बुलेंस से सभी घायलों को आनन फानन में अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार घायलों में दो की स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है।मौके पर मौजूद स्कूल के बस ड्राइवर ने बताया कि कार की रफ्तार बहुत ज्यादा थी। जिसकी वजह से कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

मोरहाबादी मैदान में रात के समय बस ड्राइवर अपनी बसों में सो रहे थे। इसी दौरान हुए हादसे के बाद उनकी नींद खुली। बस चालकों ने बताया कि रात के समय अचानक जोरदार आवाज से उनकी नींद खुल गई। देखने पर मालूम हुआ कि कार ने पेड़ में इतना जोरदार टक्कर मारा था कि पेड़ भी टूट गया। मोरहाबादी टीओपी प्रभारी ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया था। मौके पर समय से एम्बुलेंस और पीसीआर दोनों पहुच गए थे फिलहाल सभी का इलाज चल रहा है।

## खड़े ट्रक से टकराई ईको कार, दो बच्चों सहित 6 लोगों की मौत,4 की हालत गंभीर



**गांधीनगर :** गुजरात के भरूच में भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो बच्चों और दो महिलाओं सहित 6 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक एक ईको कार सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में 4 लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा भरूच के जंबूसर-आमोद रोड पर सोमवार देर रात हुआ। टक्कर इतनी भयानक थी कि ईको कार में सवार 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस को वहां 4 लोग घायल अवस्था में मिले, जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जंबूसर पुलिस ने मृतकों क शव पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचा दिये हैं। बताया जा रहा है कि इको गाड़ी में सवार सभी लोग जंबूसर के वेडच और पांचकड़ा गांव के रहने वाले हैं। सभी शुक्लतीर्थ में चल रहे मेले से लौट रहे थे। गाड़ी मे 10 लोग सवार थे, जिसमें से 6 की मौत हो गई।

## सुक्खू सरकार को बड़ा झटका, कुर्क होगा दिल्ली का हिमाचल भवन, हाईकोर्ट ने दिया आदेश

**नई दिल्ली:** कांग्रेस के नेतृत्व वाली सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार द्वारा लगभग 150 करोड़ रुपये की बिजली बकाया का भुगतान करने में विफल रहने के बाद हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने दिल्ली में हिमाचल भवन को कुर्क करने का आदेश जारी किया। हिमाचल भवन राष्ट्रीय राजधानी में मंडी हाउस में स्थित है। अदालत ने बिजली विभाग के प्रधान सचिव को लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान करने के लिए तथ्यान्वेषी जांच करने का भी निर्देश दिया है, जिसके कारण यह स्थिति पैदा हुई। कोर्ट का यह फैसला सुक्खू सरकार द्वारा 64 करोड़ रुपये चुकाने के पिछले आदेशों की अनदेखी के बाद आया है, जो अब ब्याज के कारण बढ़कर लगभग 150 करोड़ रुपये हो गया है। सूत्रों ने बताया कि मामला लाहौल-स्पीति में चिनाब नदी पर 400 मेगावाट के सेली हाइड्रो प्रोजेक्ट से जुड़ा है। पहले की कार्यवाही में सरकार को कंपनी द्वारा जमा कराए गए 64 करोड़ रुपये और 7 प्रतिशत ब्याज लौटाने का आदेश दिया गया था। अदालत ने पहले सरकार को चेतावनी दी थी कि बकाया नहीं चुकाने पर गंभीर परिणाम होंगे। इसमें इस बात पर भी जोर दिया गया कि इसमें शामिल धनराशि राज्य के खजाने से थी। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा दिल्ली में हिमाचल भवन को कुर्क करने की खबरों पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि मैंने उच्च न्यायालय का आदेश नहीं पढ़ा है लेकिन अग्रिम प्रीमियम एक नीति पर आधारित है जिसके तहत जब 2006 में ऊर्जा नीति बनाई गई थी, तो मैं मुख्य वास्तुकार था। हमने प्रति मेगावाट रिजर्व प्राइस रखा था, जिस पर कंपनियों ने बोली लगाई थी। अग्रिम प्रीमियम के मामले में मध्यस्थता द्वारा निर्णय लिया गया था। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मध्यस्थता आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में गई और सरकार को मध्यस्थता में 64 करोड़ रुपये जमा करने पड़े। मैंने इस संबंध में जानकारी ली है और हम इस प्रकार के आदेश के बारे में अध्ययन करेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट और इलाहाबाद हाईकोर्ट उड़ाने की धमकी

### मथुरा ईदगाह केस में सुनवाई से पहले पाकिस्तान से मैसेज आया



**मथुरा :** देश में धमकियों का सिलसिला जारी है। अब प्रयागराज रेलवे स्टेशन, इलाहाबाद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट को सोमवार देर रात बम से उड़ाने की धमकी दी गई। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष और जन्मभूमि-शाही ईदगाह केस में वाद दायर करने वाले आशुतोष पांडे के वॉट्सऐप पर धमकी भरा वॉइस मैसेज आया।

आज इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह केस में सुनवाई भी है। आशुतोष का दावा है- वॉइस मैसेज पाकिस्तान के नंबर से आया है। मथुरा के आशुतोष पांडेय को वॉट्सऐप पर सोमवार रात 1:37 से 1:40 बजे के बीच पाकिस्तान के नंबर से धमकी भरे 6 वॉइस मैसेज आए। इसके बाद 2:36 बजे वॉट्सऐप कॉल कर धमकी दी गई। आशुतोष श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मामले में पक्षकार हैं।

4 से 14 सेकेंड तक के 6 धमकी भरे वॉइस मैसेज आए। इसमें कहा- हाईकोर्ट को क्या, तेरे सुप्रीम कोर्ट को भी उड़ा देंगे। तुम्हारे में दम नहीं है। 19 नवंबर को तुझे बताएंगे, बम धमाके करेंगे। हाईकोर्ट में तुझे बम से उड़ा देंगे। मथुरा, दिल्ली हिंदुस्तान के सभी बड़े मंदिरों को उड़ा देंगे। इसके बाद 3.02 बजे मैसेज भेजा, जिसमें लिखा- 19 नवंबर की सुबह पहले प्रयागराज स्टेशन और फिर हाईकोर्ट को उड़ाएंगे।

## चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

### 21 महीने से जेल में थे बंद

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मंगलवार को टेंडर कमीशन मामले में जेल में बंद इंजीनियर बीरेंद्र राम को अदालत ने जमानत पर जेल से रिहा कर दिया है। वह लगभग 21 माह से जेल में बंद थे। मामले की सुनवाई न्यायाधीश जस्टिस अभय एस ओका की बेंच कर रही थी।

**ईडी ने बीरेंद्र राम के ठिकानों पर मारा था छापाः** बता दें कि प्रर्वतन निदेशालय ने 21 फरवरी 2023 को ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता बीरेंद्र राम के ठिकानों पर छापा मारा था। इस दौरान ईडी को उनके 100 करोड़ रुपये की संपत्ति का भी पता चला था। छापेमारी के दौरान 1.50 करोड़ रुपये के जेवरात और



करीब 30 लाख रुपये नकद मिले थे। जिसके बाद ईडी के अधिकारियों ने उनसे लंबी पूछताछ की। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

**कैसे फंसे ईडी की जाल मेंः** जमशेदपुर निगरानी थाने में ठेकेदार विकास शर्मा ने एक प्राथमिकी दर्ज करायी थी। ठीकेदार ने अपने शिकायत में कही थी कि उसने 4.54 लाख रुपये का काम पूरा कर लिया है। इसमें से सात लाख रुपये का भुगतान उसे मिल चुका है। शेष राशि की भुगतान के लिए कनीय अभियंता सुरेश वर्मा उनसे रिश्वत की मांग कर रहा है। इसकी शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग ने सुरेश को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इसके बाद जब उनकी घर की तलाशी ली गयी तो वहां से 2.44 करोड़ रुपये नगद समेत जेवर मिले। जब इस मामले में ईडी ने दर्ज प्राथमिकी को इसीआईआर के रूप में दर्ज कर जांच शुरू की तो पता चला बरामद रुपये बरामद रुपये बीरेंद्र राम के हैं। जिसके बाद ईडी ने बीरेंद्र राम के ठिकानों पर छापा मारा था।



## दो दिन के लिए स्कूल बंद, मणिपुर भेजी जाएंगी सीएपीएफ की 50 कंपनियां, केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

**इंफाल :** मणिपुर में शनिवार रात भड़की हिंसा के बाद स्थिति अब भी तनावपूर्ण बनी हुई है। रविवार को जिरिबाम जिले में एक मैतेई प्रदर्शनकारी की पुलिस गोली लगने से मौत हो जाने के बाद हालात और बिगड़ गए हैं। इस घटना के बाद राज्य में स्कूलों को 2 दिनों के लिए बंद कर दिया गया है।

केंद्र सरकार ने हालात पर काबू पाने के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 50 कंपनियां (लगभग 5 हजार जवान) मणिपुर भेजने का फैसला किया है। गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को राज्य के सुरक्षा हालात का जायजा लेंगे। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी मणिपुर हिंसा से जुड़े 3 मामलों की जांच करेगी।

मणिपुर में लोगों ने मुख्यमंत्री एन। बीरेन सिंह और 13 विधायकों के घरों पर हमले किए हैं और आगजनी की घटनाएं भी हुई हैं। राज्य में 3 महिलाओं और 3 बच्चों के शव मिलने के बाद से प्रदर्शन जारी हैं।

हिंसा को देखते हुए इंफाल ईस्ट, इंफाल वेस्ट, बिष्णुपुर, थौउबल, काकचियांग, कांगपोकपी और काकचियांग सहित 7 जिलों में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगाया गया है। इन 7 जिलों में इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी गई हैं।

न्यूज ब्रीफ

## बोकारो विधायक के रोड शो में शामिल हुए शिवराज सिंह चौहान



**बोकारो :** चुनाव प्रचार के आखिरी दिन जनआशिर्वाद अभियान के तहत आज बोकारो विधानसभा के भाजपा कार्यकताओं ने बोकारो विधानसभा के सेक्टर 5 पुस्तकालय मैदान से रोड शो निकाल कर जनता से समर्थन की अपील की। इस रोड शो में मुख्य रूप से एनडीए प्रत्याशी बिरंची नारायण उपस्थित रहे। रोड शो सेक्टर 5,6,8,9 बसंती मोड़, सेक्टर 4 ,3,2,1,12 होते हुए एयरपोर्ट पहुँचा। बोकारो एयरपोर्ट पर केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान का भव्य स्वागत व अभिनदंन करते हुए रोड शो चेक पोस्ट होते हुए योधडीह मोड़ पहुँचा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एनडीए प्रत्याशी बिरंची नारायण के पक्ष में 20 नवम्बर को मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने ने कहा कि हेमंत सरकार पर वादा खिलाफी, झूठे वादे, लुट, भय, अत्याचार से अविश्वास से आम जनता में रोष है। जिस वादे के साथ 2019 में सरकार बनी पांच साल पूरे हो गए मगर कोई भी जनता से किया गया वादा पूरा न कर सके। दिन प्रतिदिन प्रखंड हो या जिला या प्रदेश भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है संतरी से मंत्री तक जेल जा चुके हैं। कुछ मंत्री अभी जेल में तो कोई आईएस अधिकारी जेल में है। झारखंड की खनिजों की लूट मची जिसमे उनका परिवार के लोग भी शामिल हैं। बोकारो विधानसभा के जनता अपना मन बना चुकी है कि राज्य में फिर से भाजपा की सरकार आए और जनहित कार्यों का काम पुनः शुरू हो ताकि राज्य का सर्वाधिक विकास हो और जरूरत मंदो को उनका हक अधिकार मिल सके। बोकारो भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि में अपने कार्यों को लेकर जनता के बीच आया हूं विगत 10 सालों में जो भी वादा किया उसे पूर्ण करने का कार्य किया और आगे भी करूंगा। रोड शो में मुख्य रूप से क्लस्टर प्रभारी बिहार के मंत्री नवीन नितिन, पूर्व सांसद सुशील सिंह सहित वरीय नेता मौजूद रहे।

## बीएसएल में चला मतदाता जागरूकता का व्यापक अभियान



**बोकारो :** आगामी 20 नवम्बर को बोकारो में विधानसभा चुनाव के दिन बीएसएल कर्मियों को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए बीएसएल द्वारा विगत दिनों प्लांट में लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री बी के तिवारी ने भी सभी कर्मियों और उनके परिवार के अन्य मतदाताओं को लोक तंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है, साथ ही बोकारो में इस बार वोटिंग प्रतिशत में बढ़ोत्तरी का एक नया कीर्तिमान बनाने का आह्वान किया है।

विगत लगभग एक माह के दौरान बीएसएल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान कर्मियों को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाई गई और वोटिंग करने की अपील की गई। इसके अलावा जिला प्रशासन के सहयोग से संयंत्र के शॉप्स, सीई डी, एसआईजीएस, ईसीइस, कॉन्ट्रैक्ट सेल, आरएंडआर, ट्रैफिक, ओजी एंड सीबीआरएस, आरएमएचपी, कोक ओवन, सिन्टर प्लांट, ब्लास्ट फर्नेस, एसएमएस -1 एंड 2, हॉट सर्टिप मिल, सीआरएम, आरजीबीएस, एचआरसीएफ सहित अन्य विभागों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

बीएसएल ने टाउनशिप और प्लांट परिसर में पोस्टर और बैनर के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। प्लांट के विभिन्न प्रवेश द्वार पर लगातार माइकिंग द्वारा कर्मियों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की जा रही है। बीएसएल कर्मियों सहित सभी मतदाताओं से पुनः अपील है कि 20 नवम्बर को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

## रात 12 बजे ऑडी में आया था जेएलकेएम प्रत्याशी , ग्रामीणों ने खदेड़ा



**सिल्ली :** सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें झारखंड क्रांतिकारी लोकतांत्रिक मोर्चा के सिल्ली प्रत्याशी देवेंद्र महतो रात के करीब 22 बजे सिल्ली विधानसभा क्षेत्र का सोनाहातू पंचायत के चोकाहातु गांव ऑडी गाड़ी में पहुंचा था जहां ग्रामीणों ने मतदाताओं को पैसा देकर वोट लेने का शंका जाहिर करते हुए उसको रोक कर रखा, वीडियो में ग्रामीण कह रहे है आप प्रत्याशी है और इतनी रात को इस गांव में क्या कर रहे है इस दौरान जेएलकेएम के प्रत्याशी गोल मटोल जवाब देते हुए दिख रहे है, हालांकि इस ऑडियो का अखबार पुष्टि नहीं करता है। दरअसल इधर चर्चा है कि ग्रामीणों को गुप्त सुचना मिली थी कि सिल्ली से ऑडी गाड़ी में लाखों रूपए केस जा रहा है और इसी सुचना पर लोग रात को रास्ते में ऑडी गाड़ी आने का इंतजार कर रहे थे।

## भाजपा बांटने और काटने में लगी है: सुप्रियो

रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को गिरिडीह के पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत की. सुप्रियो ने कहा कि भाजपा बांटने व काटने में लगी है. भाजपा के सांसद संथाल को झारखंड से काटने की बात कहते हैं जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बंटेंगे तो कटेंगे का नारा देते हैं. वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा और इंडिया गठबंधन सभी को एक साथ जोड़क र चलने में यकीन रखती है. सुप्रियो ने कहा कि प्रथम चरण का जो चुनाव हुआ है उसमें 38 सीट इंडिया गठबंधन के तरफ आना तय है. दूसरे चरण में 30 सीट इंडिया गठबंधन जीतेगा. दावा कर रहें हैं कि भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की बहू, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा व पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी, सराईकेला सीट से पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, धनवार सीट से पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी चुनाव में पराजित हो रहे हैं.

# हम सरकार गरीबों के लिए चलाना चाहते हैं: राहुल गांधी

### जंगल व जमीन पूंजीपतियों को सौंप रही भाजपा

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रांची में कहा झारखंड चुनाव प्रचार के आखिरी दिन प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने कहा कि यह चुनाव विपक्षी गठबंधन इंडिया तथा भाजपा-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच विचारधारा की लड़ाई है, हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं जबकि वे इसे कुचलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने वादा किया कि कांग्रेस संस्थाओं, निजी कंपनियों, न्यायपालिका में अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति,



आदिवासियों का प्रतिनिधित्व जानने के लिए जाति आधारित जनगणना कराएगी। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी झूठ बोलते हैं कि मैं आरक्षण के खिलाफ हूं, विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियाह्न इसे बढ़ाना चाहता है, 50 प्रतिशत की सीमा हटाना चाहता है। उन्होंने दावा किया कि मैंने प्रधानमंत्री मोदी से जाति जनगणना कराने और आरक्षण बढ़ाने का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भाजपा आरक्षण बढ़ाने और जाति जनगणना कराने की हमारी योजनाओं के खिलाफ है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि हम सरकार गरीबों के लिए चलाना चाहते हैं, अरबपतियों के लिए नहीं; भाजपा झारखंड में खदान, जंगल व जमीन पूंजीपतियों को सौंप रही है। मोदी ने देश की संपत्ति चंद अरबपतियों को सौंप दी। राहुल गांधी ने भाजपा के एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे नारे का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि अगर मोदी, शाह, अंबानी एक हैं तो वे सेफ हैं। उन्होंने कहा कि मणिपुर डेढ़ साल से जल रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार भी राज्य का दौरा नहीं किया।

राहुल ने कहा कि सभी जानते हैं कि मणिपुर में क्या हो रहा है। प्रधानमंत्री अभी तक वहां नहीं गये हैं। मैं मणिपुर गया हूं। हमने सरकार से हिंसा रोकने को कहा है। किसी का कोई निहित स्वार्थ है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री को अपना काम करना चाहिए, लेकिन किसी कारणवश वह अपना काम नहीं कर रहे हैं। वहां शांति बहाल होनी चाहिए। बीजेपी वाले नफरत फैलाते हैं, इसलिए 'आग लगती है'। 'आग को सिर्फ कांग्रेस मिटा सकती हैं' क्योंकि हम प्यार, भाईचारे की बात करते हैं।

## भाजपा ही कर सकती है आदिवासियों व मूलवासियों के हितों की रक्षा: चंपाई सोरेन

मेट्रो रेज संवाददाता

**बोकारो :** झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सोमवार को पेटरवार प्रखंड के चलकरी दक्षिणी पंचायत फुटबॉल मैदान में बेरमो से भाजपा प्रत्याशी रवींद कुमार पाण्डेय के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। कहा कि भाजपा ही आदिवासियों व मूलवासियों का कल्याण कर सकती है। उन्होंने लोगों से भाजपा को विजयी बनाने की अपील की। कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य की जनता की आशओं पर पानी फेरने का कार्य किया है। अपने कार्यकाल की चर्चा करते हुए



कहा कि पांच माह में मैंने जो कार्य किया वह साढ़े चार साल से नहीं हो सका। शिक्षकों की बहाली की तैयारी पूरी कर ली गई थी, लेकिन जैसे ही हेमंत जेल से आए उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटा दिया और शिक्षकों की बहाली रोक दी गई। मंईया सम्मान योजना मेरी ही देन है। मौके पर सचिन मिश्रा, लखी हांसदा, आनन्द सोरेन, गिरजा देवी, लक्ष्मण नायक, टीनू सिंह,हिमाचल मिश्रा, सूरज नायक, विधानन्द पांडेय, देवीलाल हांसदा आदि थे।

## 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखा कर सकेंगे मतदान

मेट्रो रेज संवाददाता

**बोकारो :** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत चुनाव का पर्व-देश का गर्व मतदान होना है। आगामी 20 नवंबर 2024 को मतदान होगा। ऐसे में मतदाताओं को मतदान करने से पहले मतदाता फोटो युक्त पहचान पत्र (ईपीक)प्रस्तुत करना है। यादि किसी कारणवश मतदाता मतदान केंद्र में ईपीक प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो ऐसी स्थिति में मतदाता वैकल्पिक फोटो युक्त पहचान पत्र दिखाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं।

ड्ड 12 अन्य दस्तावेज मान्य : मतदान के लिए ईपीक के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज मान्य हैं। इसमें पासपोर्ट, ड्राइविग लाइसेंस, राज्य या




केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) द्वारा जारी किए गए कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय), फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,आधार कार्ड ,सांसद/विधायक पार्षद को जारी कार्ड एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआइडी)शामिल है।

# भयमुक्त माहौल में स्वतंत्र होकर करें मतदान: डीसी

मेट्रो रेज संवाददाता

**बोकारो:** जिला अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 33 डुमरी (शेष), 34 गोमिया, 35 बेरमो, 36 बोकारो एवं 37 चंदनकियारी में आगामी 20 नवंबर को मतदान होगा। जिसको लेकर कल मंगलवार को डिस्पैच सेंटर (सेक्टर 08 बी। स्थित डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल) से मतदान दल रवाना होंगे। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिले के 34 गोमिया विधानसभा क्षेत्र, 35 बेरमो विधानसभा क्षेत्र, 36 बोकारो विधानसभा क्षेत्र एवं 37 चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग झ्र अलग चार पंडाल बनाया गया है, सभी पंडालों के आसपास ही संबंधित विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम कोषांग, सामग्री कोषांग, वाहन कोषांग एवं कार्मिक कोषांग स्थापित किया गया है, ताकि कहीं कोई परेशानी नहीं हो। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने सोमवार को कहीं। वह समाहरणालय स्थित सभागार में आहूत संवादाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थी। मौके पर पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी समेत अन्य उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी 1581 मतदान केंद्रों के लिए 1581 दल रवाना होंगे। जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 16,56,108 (डुमरी विधानसभा शेष समेत) है। इसमें पुरूष मतदाता 8,46,959, महिला मतदाता 8,09,114 , अन्य मतदाता 35 शामिल हैं। मतदान केंद्रों की कुल भवनों की संख्या 937 है। निर्वाचन के सफल संचालन को लेकर 25 जोनल मजिस्ट्रेट, 205 सेक्टर पदाधिकारी, 219 माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि 15 यूनिक मतदान केंद्र, 06 युवा मैनेजड मतदान केंद्र एवं 23 महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केंद्र एवं 37 पर्दानशी मतदान केंद्र बनाया गया है। वहीं, जिले के दो ऐसे मतदान केंद्र है जो पी प्लस वन है। जिसमें गोमिया विधानसभा क्षेत्र के 54 एवं डुमरी विधानसभा क्षेत्र के 49 मतदान केंद्र शामिल हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि जिले में स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने को लेकर मतदान के समापन के निर्धारित समय के 48 घंटे पूर्व दिनांक 18 ।11 ।2024 को अपराह्न 05 ।00 बजे से बोकारो जिला के सम्पूर्ण भाग में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। वहीं, राजनीतिक दल/राजनीतिक दलों के सदस्य चुनाव कार्यकलाप में शामिल है एवं निर्वाचन क्षेत्र के बाहर के है, अर्थात इस निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं है। ऐसे सभी व्यक्ति निर्वाचन क्षेत्र छोड़कर चले जायें ताकि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न हो सके का निर्देश दिया गया है। इधर, वैसे मतदाता जिनके पास फोटो पहचान पत्र (ईपिक) नहीं है, मतदान दिवस के दिन 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से एक प्रमाण पत्र का उपयोग कर मतदान कर सकते है। साथ ही, मतदान दिवस दिनांक 20 ।11 ।2024 को जिलान्तर्गत सभी कार्यालयों/ संस्थानों/सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई है। बताया कि जिले में लगभग 15,593 मतदान कर्मियों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर मेडिकल टीम, सदर अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल, सामुदायिक मतदान केंद्र, सीसीएल अस्पताल आदि अलर्ट मोड में रहेंगे। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एयर एंबुलेंस की सुविधा भी सुनिश्चित की गई है। सभी निजी अस्पतालों में कैशलेस ट्रीटमेंट को लेकर भी दिशा झ्र निर्देश दिया गया है। मतदान कर्मियों की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है। मतदान कर्मियों को स्पेशल पैकेट एवं महिला मतदान कर्मियों को स्पेशल कीट बाक्स दिया जा रहा है। जिले के सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग होगी, वेबकास्टिंग का कल ड्राई रन किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि मतदान डिस्पैच एवं मतदान दिवस को विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं रहें, मोबाइल कनेक्टिविटी बेहतर रहें इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा झ्र निर्देश दिया गया है, मतदान कक्ष में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था की गई है, जरनेटर




आदि अधिष्ठापित किया गया है। जिले में 431 क्रिटिकल मतदान केंद्र हैं, जबकि 1324 सामान्य मतदान केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि, अब तक 60 लाख रुपए को जब्त (सीज) किया गया है। वहीं, 9,580 लीटर शराब जब्त किया गया है। वहीं, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के लिए दिशा निर्देश से भी अवगत कराया :-चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दल उस अभियान को बढ़ावा देने के लिए अपने समर्थकों को जुटाते है जिसमें चुनाव क्षेत्र के बाहर के लोग भी शामिल होते है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र के भीतर कोई भी प्रचार नहीं हो सकता है, ऐसे राजनीतिक पदाधिकारियों/पार्टी कार्यकर्ताओं / जुलूस पदाधिकारियों/प्रचार पदाधिकारियों आदि की उपस्थिति, जो निर्वाचन क्षेत्र के बाहर से लाये गये हो और इस निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं है, निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित नहीं रहना चाहिए क्योंकि अभियान समाप्त होने के बाद उनकी निरंतर उपस्थिति स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के माहौल को कमजोर कर सकती है।

किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटे के अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के या किसी अन्य तरीके से वाहनों पर लगे लाउडस्पीकरों का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस अवधि के दौरान मतदान क्षेत्र के भीतर किसी होटल, भोजनालय, शराबखाने, दुकान या किसी अन्य सार्वजनिक या निजी स्थान पर कोई स्पिरिटयुक्त नशीली शराब या इसी तरह के अन्य पदार्थ बेचे, दिये या वितरित नहीं किये जायेंगे। मतदान क्षेत्र में मतदान के समापन के लिए निर्धारित समय के पश्चात उपर्युक्त 48 घंटो के दौरान 'शुष्क दिवस' घोषित किया गया है।

कोई भी व्यक्ति निम्नांकित क्रियाकलाप नहीं करेगा यथा :- किसी सार्वजनिक बैठक या जुलूस को बुलाना, आयोजित करना या उसमें भाग लेना, शामिल होना, या सम्बोधित करना, चुनाव से संबंधित या सिनेमेटोग्राफ, टेलीविजन या अन्य समान उपकरण के माध्यम से किसी भी चुनावी मामले को जनता को प्रदर्शित करना। मतदाता को आकर्षित करने के दृष्टि से कोई संगीत समारोह या कोई नाटकीय प्रदर्शन या कोई अन्य मनोरंजन या कोई आमोद-प्रमोद आयोजित करके या उसके आयोजन की व्यवस्था करके किसी भी चुनावी मामले को जनता के बीच प्रदर्शित करना। मतदान क्षेत्र में किसी भी चुनाव प्रचार के लिए मतदान के समापन के लिए निर्धारित समय के पूर्व 48 घंटो की अवधि के दौरान उपरोक्त सभी पर रोक रहेगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126क की उप धारा (1) के अन्तर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा उक्त धारा की उप धारा (2) के दृष्टिगत दिनांक 13 ।11 ।2024 को पूर्वाह्न 7:00 बजे से दिनांक 20 ।11। 2024 के अपराह्न 6:30 बजे के बीच की अवधि को ऐसी अवधि के रूप में अधिसूचित किया गया है, जिसके दौरान पूर्वोक्त साधारण निर्वाचनों के संबंध में किसी भी प्रकार के ए७३ ढक्क'' का संचालन और प्रकाशन करने या प्रिंट या इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से प्रचार करने या किसी अन्य प्रकार या अन्य रीति में उसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध रहेगा। इसे संबंधित पदाधिकारी अक्षरशः अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अन्तर्गत उपरोक्त आम निर्वाचन के संबंध में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटे की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रोनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा। इसे संबंधित पदाधिकारी अक्षरशः अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे। मतदान केन्द्र के अन्दर मोबाईल फोन, स्मार्ट वॉच, वायरलेस सेट नहीं ले जाने के संबंध में एवं मतदान के क्रम में मत की गोपनीयता को कायम रखने हेतु। मतदान केन्द्र के अन्दर सेल्फी या फोटो लेना वर्जित है। ऐसा करने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। सभी दलों और उम्मीदवारों को ईमानदारी से उन सभी गतिविधियों से बचना चाहिए जो भ्रष्ट आचरण और चुनाव कानून के तहत अपराध है, जैसे मतदाताओं को रिश्वत देना, मतदाताओं को डराना, मतदाताओं का प्रतिरूपण करना, मतदान केन्द्र के 100 मीटर के भीतर प्रचार करना, आयोजन करना। मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटे के अवधि के दौरान सार्वजनिक बैठकें और मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाना-ले जाना वर्जित रहेगा। मतदान केन्द्रों के 200 मीटर के परिधि की मार्किंग की जानी है। मतदान केन्द्र परिसर से 200 मीटर की परिधि में कोई भी चुनाव बूथ स्थापित नहीं किया जाएगा। मतदान केन्द्र परिसर के 200 मीटर की परिधि के बाहर मौसम की स्थिति से बचने के लिए एक छाता या अधिकतम 1010 फिट के आकार का एक छोटा टेंट सहित ऐसे प्रत्येक बूथ पर केवल एक टेबल एवं दो कुर्सियाँ लगाई जा सकती है। इसमें किसी प्रकार का पोस्टर, झण्डा, प्रतीक या कोई अन्य प्रचार सामग्री प्रदर्शित नहीं किया जाएगा। इसमें खाद्य पदार्थ नहीं परोसा जाएगा और भीड़ की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे बूथों की स्थापना स्थानीय प्राधिकारों से वैध अनुमति के अधीन होगा। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अंतरराज्यीय/अंतरजिला पर अवस्थित चेकनाकाओं पर वाहनों की सघन जाँच की जाएगी।

सभी एसएसटी, एसएसटी, चेकनाकों में सीएपीएफ लगाया गया है। होटलों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पर्याप्त संख्या में पुलिस जवानों की भी प्रतिनियुक्त की गई है। आमजन भयमुक्त माहौल में स्वतंत्र होकर मतदान करें। लोकल इनपुट के अनुरूप सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। क्यूआरटी टीम का भी गठन किया गया है। मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा, कार्मिक कोषांग की नोडल पदाधिकारी शालिनी खालखो, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, निर्वाचन कोषांग के नोडल पदाधिकारी पंकज दुबे समेत सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि व अन्य उपस्थित थे।

# नफरत फैलाने की राजनीति करती है भाजपा : हेमंत सोरेन

मेट्रो रेज



रांची : सीएम हेमंत सोरेन ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि नेताओं के लिए सबसे आसान होता है आपके(जनता) अंदर नफरती भावनाओं को भड़का कर अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा साध लेना। यह कैंपेन सबसे आसान होता है। भाजपा को इसमें महारत है। सीएम ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि मैं झारखंडी हूं। हमारे संस्कार हमें ऐसा करने की इजाजत नहीं देते, ना ही मैं ऐसा करूंगा।

हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया कि मेरे खिलाफ शैडो, व्हिस्पर एवं नफरती कैंपेन में भाजपा ने एक अनुमान के मुताबिक 500 करोड़ से अधिक खर्च कर दिये। मैं अपने कार्य एवं आगे के विजन प्लान के लिए आपसे समर्थन मांग रहा हूं।

**मेरी योजनाओं में जात-पात का बंधन नहीं:** सीएम ने कहा कि मेरी सरकार की हर योजना को देख लीजिए। इसमें कोई जात-पात का बंधन नहीं है। बिजली बिल माफी हुई तो सभी झारखंडी परिवारों की हुई। मईयां सम्मान सभी झारखंडी बहनों को मिल रहा है। हमारी सभी योजनाएं सभी झारखंडियों के लिए है। इसलिए मैं आज आपका समर्थन मांग रहा हूं सिर्फ. और सिर्फ. अपने काम के आधार पर। भाजपा के जिन आयातित नेताओं को लगता था कि अपने राज्यों से लाये असीमित धनबल से वे झारखंडियों को खरीद लेंगे, उनके लिए खास वेलकम टू

# सीएमपीडीआई ने 23 इलेक्ट्रिक वाहनों को अपने बेड़े में किया शामिल

मेट्रो रेज



**रांची :** सीएमपीडीआई ने 23 इलेक्ट्रिक वाहनों को अपने बेड़े में शामिल किया है। सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा व सीवीओ सुमीत कुमार सिन्हा ने सोमवार को हरी झंडी दिखाकर इन वाहनों को संस्थान के बेड़े में शामिल किया। संस्थान ने सतत विकास प्रयास के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को शामिल किया है। इससे ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने, वायु गुणवत्ता के बेहतर होने और ध्वनि प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी।

ज्ञात हो कि सीएमपीडीआई ने पिछले मार्च महीने में 10 इलेक्ट्रिक वाहनों को अपने बेड़े में शामिल किया था। अब सीएमपीडीआई के बेड़े में इलेक्ट्रिक वाहनों की कुल संख्या 33 हो गयी है। मौके पर सीएमपीडीआई के जीएम (टीएस/पीआर) संजय कुमार दुबे, जीएम (विद्युत एवं यांत्रिकी) विनोद कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# झारखण्ड प्रदेश राजद के वरिष्ठ नेता राजेश यादव का निधन

मेट्रो रेज



**रांची:** अपार दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि झारखण्ड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता भाई राजेश यादव का कल निधन हो गया । 70 साल के श्री यादव कई बार प्रदेश के पदाधिकारी के रूप में पार्टी से मिली जिम्मेदारियों को निभाने का कार्य किया। समाज के प्रति बराबर मुखर रहने वाले अचानक से दुनिया छोड़ कर चले गये। वे लगभग प्रति दिन राज्य कार्यालय आते थे। कल यानी 18 नवंबर को भी वो कार्यालय आये थे और पूरी तरह स्वस्थ थे। शाम चार बजे वो कार्यालय से घर गये थे। '

रात में खाना खाने के बाद उनकी छाती में दर्द हुआ और वो बेहोश हो गये। रात 11 बजे उन्हें सेवा सदन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां हृदय गति की शिकायत मिली । इलाज के दौरान इनका देहांत हो गया।

उनके असामयिक निधन से पार्टी की अपूरणीय क्षति हुई हुई है : उनके निधन पर झारखण्ड राजद प्रभारी जय प्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, वरिष्ठ नेता गौतम सागर राणा वरिष्ठ नेता लक्ष्मण यादव महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलास अ॑५, प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, महासचिव मनोज पांड़ेय, आबिद अली, मदन यादव, हुसैन अंसारी, कार्य सचिव राम कुमार यादव, चंद्र शेखर भगत, अर्जुन यादव, संतोष प्रसाद, मोहन प्रसाद, गाफार अंसारी, अबादुल्ला मन्नान,मनोज अग्रवाल, सहित राजद परिवार काफी मर्माहत है

# डीसी ने किया वोटिंग काउंटिंग सेंटर व स्ट्रॉन्ग रूम पंडरा का निरीक्षण , दिये कई निर्देश

मेट्रो रेज



**रांची:** रांची डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने सोमवार को विधानसभा चुनाव को लेकर 23 नवंबर को होने वाले मतगणना को लेकर वोटिंग काउंटिंग सेंटर एवं पंडरा स्थित स्ट्रांग रूम के पूरे परिसर का निरीक्षण करते हुए तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही व्यवस्था को दुरस्त करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया। निरीक्षण क्रम में डीसी रांची दिनेश कुमार यादव, अपर समाहर्ता सह निवार्ची पदाधिकारी सिल्ली रामनारायण सिंह, एडीएम नक्सल सह निवार्ची पदाधिकारी खिजरी सुदर्शन मुर्मू, अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, अंचल अधिकारी ओरमांझी एवं अन्य सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

**मतगणना के वक्त तमाम व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहे :** डीसी ने निरीक्षण के क्रम में स्ट्रांग रूम में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (इवीएम) के रख-रखाव की व्यवस्था, काउंटिंग कक्ष, सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मतगणना केंद्र का निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सीसीटीवी कैमरा, पंडाल, स्ट्रांग रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षाकर्मियों, चुनाव में तैनात कर्मियों के लिए भोजन की व्यवस्था, शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। डीसी ने द्वितीय चरण के मतदान के संपन्न होने के उपरांत चुनावी कार्यों में प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों द्वारा पोल्ड ईवीएम को पंडरा में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में जमा कराने पहुंचने को लेकर रिसीविंग सेल की ब्रीफिंग करते हुए सम्बंधित पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

कहा कि मतदान कर्मी जब एश्ट जमा करने आए तो वे सभी कर्मी यह सुनिश्चित रूप से देख लें की भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देश का पालन हो रहा है ना पोलिंग पार्टी सारे डिटेल का भरा है ना, यह सब आवश्यक रूप से देख लें। उन्होंने विशेष रूप से रिसीविंग सेल के पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि महिला पोलिंग पार्टी जब एश्ट जमा करने रिसीविंग सेल पहुंचे तो उन्हें प्राथमिकता देते हुए उनका एश्ट तुरंत जमा कर लें।

# रोटरी क्लब ने सदर अस्पताल में खोला कंबल बैंक

मेट्रो रेज

**रांची:** रोटरी क्लब रांची की पहल पर सोमवार को रांची सदर अस्पताल में नया कंबल बैंक शुरू किया गया। इसका उद्घाटन क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बिपिन चाचन, उनकी पत्नी शिल्पी चाचन, क्लब के प्रेसिडेंट गौरव बागरॉय, ज्योति शर्मा, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ बिमलेश सिंह, डॉ अखिलेश झा ने किया। कंबल बैंक की ओर से अस्पताल में भर्ती मरीजों, उनके परिजनों, व आसपास के गरीबों को ठंड से अच्छी राहत के लिये कंबल बांटे जायेंगे।

कंबल बैंक में रोटरी क्लब ने 200 व ज्योति शर्मा ने 100 कंबल प्रदान किया। इस समय कंबल बैंक में 300 कंबल हैं, जिन्हें गरीबों के बीच निःशुल्क वितरित किया जायेगा। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ बिमलेश सिंह ने रोटरी क्लब की इस पहल को सराहा। उन्होंने कहा कि इस कंबल बैंक से मरीजों व उनके परिवारों अच्छी राहत मिलेगी। मौके पर रवींद्र चड्ढा, अमित अग्रवाल, आदित्य मल्होत्रा, गिरीश अग्रवाल समेत सदर अस्पताल के लोग भी उपस्थित थे।

# वाहन जांच के दौरान 1.56 लाख जब्त

**चिरकुंडा (धनबाद):** झारखंड विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले धनबाद जिले के चिरकुंडा चेकपोस्ट पर सुरक्षाकर्मियों ने 1.56 लाख रुपए जब्त किए हैं। चुनाव के मद्देनजर चेकपोस्ट्स पर वाहनों की सघन जांच की जा रही है।



**2 अलग-अलग वाहनों से बरामद हुए रुपए:** जांच के दौरान मंगलवार सुबह से अब तक 2 अलग-अलग वाहनों से 1.56 लाख (1 लाख 56 हजार रुपए) बरामद किए हैं। 56 हजार रुपए ऑब्जर्वर के सामने बरामद किए गए। मंगलवार सुबह नियामतपुर (पश्चिम बंगाल) से बलियापुर जा रहे पिकअप वैन से एक लाख रुपए बरामद किए गए। यह राशि मंसूर खान की है।

ऑब्जर्वर की मौजूदगी में बरामद किए गए 56 हजार रुपए: पिकअप वैन से बरामदगी के बाद बराकर से कुमारधुबी जा रहे पिकअप वैन के चालक जितेंद्र तांती के पास से 56 हजार रुपए बरामद किए गए। उस वक्त चुनाव आयोग के ऑब्जर्वर स्वयं चेकपोस्ट का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे।

बंगाल से आने वाले सभी वाहनों की सघन जांच के निर्देश: चेकपोस्ट पर तैनात मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को ऑब्जर्वर ने निर्देश दिए कि बंगाल से आने वाले सभी वाहनों की सघन जांच की जाए, बंगाल से चुनाव को प्रभावित करने के लिए झारखंड सीमा में रुपए नहीं आ सके।

# 176 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण



**रांची:** गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 52 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम आश्रम) के प्रांगण मे संस्था के अन्नापूर्णा भंडारे के संयोजक विशाल जालान सह-संयोजक ओमप्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार, बिष्णु सोनी की देखरेख मे संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुर्णमल सर्राफ,कुसुम गोयनका,संतोष देवीअग्रवाल, सरोज पोद्दार के द्वारा वहाँ आये हुए प्रभु प्रेमी ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओ मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालु परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 176 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया।

संस्था के पुरणमल सर्राफ सरा,निर्मल जालान,बिष्णु सोनी, सज्जन पाडिया और संस्था के सदस्यों ने भक्ती भाव से राज श्यामा जी की बहुत भक्ति भाव से भोग लगाकर आरती करके भंडारे उपस्थित श्रद्धालुओ ने बहुत ही भक्ति पूर्ण भाव से भजन गायन कर भोग लगाया।

## छंदोमय झारखंड छंदमाल्य-पांच का आयोजन

# छंद माल्य में सम्मानित हुए शहर के छन्दकार

### गुरु गोप कुमार मिश्र एवं दिनेश रविकर के गीतों से गूंजा, संत जेवियर सभागार

मेट्रो रेज



**रांची:** छंदबद्ध रचनाओं की गीतमय प्रस्तुतियों के साथ छंदमाल्य भाग-5 का आयोजन रांची के संत जेवियर महाविद्यालय के मुख्य सभागार में आयोजित हुआ।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जयपुर, राजस्थान से आये छंदाचार्य गोप कुमार मिश्र ने की। मुख्य अतिथि के रूप में छंद दिनेश रविकर पधारे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसेनजीत तिवारी (तुलसी भवन के मानद सचिव) तथा रामनंदन प्रसाद (उपाध्यक्ष तुलसी भवन) उपस्थित थे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जंग बहादुर पांडेय व प्रसिद्ध कवयित्री सुरिन्दर कौर नीलम की उपस्थिति से सभागार सुशोभित हुआ। कार्यक्रम का संयोजन प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम' एवं मनीषा सहाय 'सुमन' ने संयुक्त रूप से किया। संचालन की ज़िम्मेदारी सभी ग्यारह छंद साधकों ने मिलकर निभायी।

कार्यक्रम का उद्घाटन , अतिथियों के स्वागत,मंच पर आमंत्रण, आभार, संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सभी कार्य केवल छंदों में किये गये। यहां तक की समीक्षात्मक टिप्पणियां भी छंदों में की गईं।

जयपुर से आए छंद गुरु गोप कुमार मिश्र ने छंदो की उपयोगिता पर व्याख्यान दिया।

बिना छंद के कविता निष्प्राण होती है जिसे गेयता से निभाना संभव नहीं होता है।

लखनऊ से आए छंदज्ञ दिनेश रविकर ने छंदमाल्य पुस्तक पाँच में सम्मिलित छंदों व पुस्तक के विषय पर अपना वक्तव्य छंदों में सभी के समक्ष रखा। साहित्यकार जंग बहादुर पांडेय ने कविता के निर्माण और अर्थ को विश्लेषित किया।

छंदमाल्य पाँच में 'छंदोमय झारखंड' विषय आधारित रचनाओं की छंद में प्रस्तुतियाँ दी गई। प्रथम सत्र के उद्घाटन के बाद गायक सूरज श्रीवास्तव ने 'यह है झारखंड' गीत की ढफली पर सुरमय प्रस्तुति दी। प्रथम सत्र का संचालन मनीषा सहाय एवं बिंदु प्रसाद रिद्धिमा'ने किया।

दूसरे सत्र में छंदमाल्य -पाँच पुस्तक का लोकार्पण हुआ । जिसमें सभी ग्यारह प्रतिभागी प्रतिमा त्रिपाठी,बिदु प्रसाद ,राजश्री राज ,मनीषा सहाय ,विभा वर्मा,पुष्पा पांडेय , निर्मला कर्ण, रीना सिन्हा,रजनी रंजन,आरती श्रीवास्तव, प्रतिभा प्रसाद कुमकुम द्वारा गीतिका, चौपाई,सरसी छंदो की संकलित रचनाओं का पाठ किया गया।

अन्य सत्र का संचालन :

रीना सिन्हा , प्रतिमा त्रिपाठी, डॉ रजनी रंजन ,राजश्री राज ,निर्मला कर्ण,पुष्पा पांडेय,विभा वर्मा ने किया। तीसरे सत्र में सर्वप्रथम कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों ने अपना वक्तव्य दिया तथा इस कार्यक्रम के प्रति अपने दृष्टिकोण को रखा । हमारे मुख्य अतिथि ने भी अपना दायित्व निभाया। इस प्रस्तुति के अंत में जयपुर, राजस्थान से विशेष आग्रह पर आए छंदमाल्य-३ कार्यक्रम के अध्यक्ष गोप कुमार मिश्र ने अपनी समग्र दृष्टि से देखते समझते हुए इस पूरे कार्यक्रम की तैयारियों एवं आयोजन पर समीक्षात्मक व्याख्या छंद में बहुत सुंदर दी।

इस पूरी परियोजना में गोप कुमार मिश्र छंदमाल्य के प्रतिभागियों के साथ थे । सभी साधकों को छंद सिखाने में इन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अतः उनका दृष्टिकोण प्रतिभागियों के लिए अति आवश्यक था।

इस आयोजन में मीडिया में कार्यरत नवेंदु उन्मेष और ऋतुराज वर्षा को प्रमुख रूप से सम्मानित किया गया।

चौथे सत्र में सत्र राँची के सभी विशिष्ट कवि कवयित्रियों को काव्यपाठ कराया गया। काव्य पाठ ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में निर्मला करण ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय, राँची

-: आवश्यक सूचना :-

आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर राँची जिलान्तर्गत 61–सिल्ली एवं 62–खिजरी विधानसभा क्षेत्र में दिनांक–20.11.2024 को मतदान होना है। मतदान समाप्ति के उपरान्त मतदान पदाधिकारी / पोलिंग कर्मी (Polling Parties) के द्वारा POLED EVM को कृषि उत्पादन बाजार समिति पाण्डरा, राँची अवस्थित ब्रज गृह में दिनांक–20.11.2024 को जमा किया जायेगा। मतदान पदाधिकारी / मतदान कर्मियों (Polling Parties) को लेकर काफी संख्या में वाहनों का गमनागमन (Movement) होगा। उसको ध्यान में रखते हुये राँची शहर की यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार होगी :–

दिनांक–20.11.2024 को राँची शहर में यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार होगी :–

- दिनांक–20.11.2024 को संध्या 05:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक पिस्का मोड़ से तिलता चौक तक चुनाव संबंधित वाहनों को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के मालवाहक / ऑटो / ई–रिक्सा / चार पहिया वाहनों का प्रवेश / परिचालन वर्जित रहेगा।
- दिनांक–20.11.2024 को संध्या 05:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक न्यू मार्केट चौक से पिस्का मोड़ चौक, पिस्का मोड़ चौक से तिलता चौक रिंग रोड के बीच छोटे मालवाहक वाहनों का परिचालन एवं प्रवेश वर्जित रहेगा।
- दिनांक–20.11.2024 को पिस्का मोड़ से काठीटॉड़ की ओर जाने के लिए पिस्का मोड़ से बाएँ मुड़कर कटहल मोड़ होते हुए तथा न्यू मार्केट चौक से कांके रोड होते हुये रिंग रोड से अपने गतंव्य की ओर जा सकते हैं।
- दिनांक–20.11.2024 को तिलता चौक, रिंग रोड से पिस्का मोड़ की ओर आने वाले सभी प्रकार के वाहन तिलता चौक से बाएँ एवं दाएँ मुड़कर रिंग रोड होते हुये अपने गतंव्य स्थान तक जा सकते हैं।
- दिनांक–20.11.2024 को संध्या 05:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक आपातकालीन सेवा के वाहन विशेषकर Ambulance तिलता चौक रिंग रोड से पिस्का मोड़ की ओर प्रवेश न करके बाएँ या दाएँ मुड़कर रिंग रोड से अपने गंतव्य स्थान की ओर जा सकते है।
- दिनांक–20.11.2024 को संध्या 05:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक न्यू मार्केट चौक पिस्का मोड़ तथा पिस्का मोड़ से तिलता चौक रिंग रोड़ के बीच मार्ग का उपयोग शहर में प्रवेश एवं बाहर जाने के लिए कम से कम करें।
- आवश्यकतानुसार अन्य मार्गों को अल्प समय के लिए **Divert** और **Stop** किया जा सकता है।

PR.NO.340183 Police(24-25):D

पुलिस अधीक्षक यातायात, राँची।

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## कब थमेगी हिंसा

**देश** के सुदूर पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में फिर से हिंसा का भड़क ना वाकई चिंता की बात है। करीब डेढ़ वर्षों से यह सूबा भारी हिंसा से ग्रस्त है। आए दिन यहां कभी कुकी तो कभी मैतेयी समुदायों के बीच खूनखराबा होता ही रहता है। स्वाभाविक है यहां के लोग किस अवस्था और मनोदशा में रहते होंगे? दरअसल शनिवार को जिरीबाम में छह शव बरामद होने की खबर फैलने के बाद कई जिलों, खासकर इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम जिलों में भीड़ ने मंत्रियों, विधायकों और राजनीतिक नेताओं के करीब दो दर्जन घरों पर हमला किया और तोड़फोड़ की। इससे पहले सुरक्षा बलों का कुकी उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ हुआ था। जिसमें कम से कम 10 कुकी आतंकी के मारे जाने की खबर है। शनिवार को हुई इस हिंसा में इंफाल घाटी में कई विधायकों और मंत्रियों के घरों पर भी हमला किया गया और कई वाहनों में आग लगा दी गई। नतीजतन पुलिस को भीड़ को तितर- बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागने पड़े.। हालात बद से और बदतर न हो जाए इसलिए स्थानीय प्रशासन ने राजधानी इंफाल समेत कई इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया है। इसके अलावा कई जगहों पर इंटरनेट सेवा भी बंद कर दी गई है। कुछ महीने पहले जुलाई महीने में यहां भारी हिंसा और तनाव का वातावरण था। यही वहज है कि अब भी हिंसा से प्रभावित मैतेयी और कुकी समुदाय के लोग बड़ी संख्या में राहत शिविरों में रह रहे हैं हिंसा से प्रभावित ऐसे भी लोग थे। जिन्हें भागकर पड़ोसी राज्य मिजोरम में शरण लेनी पड़ी है। राज्य के मैतेयी समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग को इस हिंसा की मुख्य वजह माना जाता है। इसका विरोध मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में रहने वाले जनजाति कुकी कर रहे हैं। जाहिर है, यहां शांति बहाली के लिए लाख जतन करने के बावजूद अभी तक मसला चिंतनीय बना हुआ है। बहरहाल, गृह मंत्री अमित शाह ने इस बाबत प्रयास करने शुरू किए हैं। ताजा हिंसा के मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपी गई है। अलबत्ता, मणिपुर हिंसा वाकई केंद्र सरकार और राज्य सरकार के लिए नासूर बन गया है। इसका समाधान अभी तक मोदी सरकार नहीं तलाश सकी है। देखना है। ताजा हिंसा के बाद गृह मंत्रालय की सक्रियता कहां तक प्रभावी होती है। निश्चित तौर पर इस राज्य में जारी हिंसा ने कई जख्म दिए हैं। इस नाते इसका जल्द से जल्द हल निकालना हर किसी के लिए मुफीद होगा।

## चेतावनी है जरूरी

आयकर विभाग ने करदाताओं को आगह करते हुए एड़वाइजरी जारी की है। जिसमें आगाह किया गया है कि अपने आय कर रिटर्न में विदेश में स्थित संपत्ति या विदेशों में अर्जित आय का खुलासा करना अनिवार्य है। एदेसा न करने पर काला धन विरोधी कानून के तहत दस लाख रुपए का जुर्माना लग सकता है। विभाग ने अनुपालन सह-जागरूकता अभियान के तहत सार्वजनिक परामर्श जारी किया। विदेशी परिसंपत्ति में बैंक खाते नगद मूल्य बीमा अनुबंध या वार्षिकी अनुबंध किसी इकाई या व्यवसाय में वित्तीय हित, अचल संपत्ति, इक्विटी, ऋण, अगर ट्रस्टी है,सेटलर का लाभार्थी, हस्ताक्षर प्राधीकरण वाले खाते, विदेश में रखी कोई पूंजीगत परिसंपत्ति आदि शामिल है। विदेशी परिसंपत्ति या विदेशी स्रोत से आय अनुसूची को अनिवार्य रूप से भरना होगा। भले ही यह आय कर योग्य सीमा से कम हो या विदेश में संपत्ति प्रकट स्रोतों से अर्जित की गयी हो। देश में ज्योंझ्ज्यों कर दाताओं की संख्या में इजाफा होता जा रहा है, आय कर विभाग पर अतिरिक्त भार भी उसी अनुपात में बढ़ रहा है। निजी तौर पर नई कर व्यवस्था चुनने वाले 2024- 2025 वित्त वर्ष में बढ़ कर 7.28 से अधिक हो चुके हैं। हालांकि इनमें से 70 फीसद लोगों पर कोई देनदारी नहीं बनती थी। इसके बावजूद कर चोरी की शिकायतें कम नहीं हो रही हैं। दरअसल, आय कर विभाग उन चुनिंदा अति समृद्ध पूंजीपतियों पर नकेल कसना चाहता है, जो जानबूझकर अपनी आय छिपाने के प्रयास करते हैं। हालांकि यह कहना गलत नहीं हैं कि दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था होने के बावजूद अभी भी अपने यहां कुल आबादी का 1.6फीसद ही करदाता हैं। भारत से जाकर विदेशों में नौकरियां करने वालों की संख्या में सालोंझसाल इजाफा होता जा रहा है। ये पालकों को वहां से धन ही नहीं भेजते बल्कि पैसों की हेराझफेरी करने के लोभ में गोपनीय खाते खोलने या संपत्तियों में निवेश को भी उत्सुक हो जाते हैं। अब तक ये सरकार की नजरों से बच जाया करते थे। जिस तरह आर्थिक अपराध बढ़ते जा रहे हैं। यह सवाल लाजमी है कि आय कर विभाग द्वारा तय की गई जुर्माने की रकम इनानी कम क्यों रखी गई है? जिस तरह की चोरी या धूल झोंकने को लेकर चेतावनी दी जा रही है वे लोग कुछ लाख रुपए के लिए ये हथकंडे. नहीं अपनाते। विभाग को स्वयं भी अपने आंख-कान खुले रखने चाहिए।

# पोषण के विकल्प

हमें गरीबी को खत्म करने और आम लोगों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए नीतियों का विवेकपूर्ण मिश्रण विकसित करने की आवश्यकता है। आम तौर पर कहा जाता है कि भारतीय महिलाओं का एक बड़ा हिस्सा आयरन की कमी, यानी एनीमिया से पीड़ित है। इसी तरह, देश में बड़ी संख्या में बच्चे अपनी उम्र और लंबाई के मुकाबले बौने और कमजोर हैं। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि उन्हें बचपन में पर्याप्त पोषक तत्व नहीं मिलते। इसी तरह, कई कारणों से, खासकर पोषक तत्वों के कम सेवन के कारण, लोग विटामिन की कमी से भी पीड़ित होते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि कुपोषण से निपटने का सबसे कारगर तरीका भोजन की थाली में पर्याप्त पोषक तत्व होना है। यह समझना होगा कि भोजन की पर्याप्तता और पोषण दो अलग-अलग चीजें हैं। पौष्टिक भोजन के लिए भोजन की थाली में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, खनिज, विटामिन आदि पर्याप्त मात्रा में होने चाहिएं।

**अश्वनी महाजन**

सरकारी हलकों में चावल को खनिजों और अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों से समृद्ध करने (फोर्टिफिकेशन) को पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए एक बड़े कदम के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) के एक सदस्य द्वारा हाल ही में लिखे गए एक लेख से पता चला है कि फोर्टिफिकेशन सही विकल्प नहीं है। उन्होंने आगाह किया कि फोर्टिफिकेशन रणनीति का एक महत्वपूर्ण चालक अंतरराष्ट्रीय दाताओं और गैर सरकारी संगठनों द्वारा की गई वकालत है , और सुझाव दिया कि विभिन्न प्रकार की फोर्टिफिकेशन का समर्थन करने वाले अधिक मजबूत साक्ष्य की आवश्यकता है। पीएमईएसी ने नवीनतम घरेलू उपभोग सर्वेक्षण डेटा का विश्लेषण किया और दिखाया कि बच्चों और महिलाओं में एनीमिया का प्रसार आयरन स्रोतों की खराब आहार विविधता से जुड़ा है। विश्लेषण ने भारत में आयरन और जिंक के सेवन को बेहतर बनाने और एनीमिया को कम करने के लिए अनाज के सार्वभौमिक फोर्टिफिकेशन के ह्यसीमित प्रभावह्ल की ओर संकेत किया। शमिका रवि (पीएमईएसी की एक अन्य सदस्य) और भारतीय सांख्यिकी संस्थान के कई विशेषज्ञों द्वारा 2022-23 और 2011-12 के सर्वेक्षण डेटा पर आधारित विश्लेषण किया गया था। यह सच है कि हमारे देश में एक बड़ी आबादी पर्याप्त पोषण से वंचित है। मुख्य रूप से पोषक तत्वों की कमी (जिसे हम आम तौर पर कुपोषण कहते हैं), इस समस्या की जड़ है। हालांकि पोषक तत्वों की कमी की समस्या के बारे में नीति निमार्ताओं की चिंता समझ में आती है, लेकिन नीति निमार्ताओं को इस अंतर को भरने के लिए तरीके और साधन विकसित करने की आवश्यकता है, ताकि भोजन की थाली में पर्याप्त पोषक तत्व सुनिश्चित किए जा सकें।

हमें गरीबी को खत्म करने और आम लोगों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए नीतियों का विवेकपूर्ण मिश्रण विकसित करने की आवश्यकता है। आम तौर पर कहा जाता है कि भारतीय महिलाओं का एक बड़ा हिस्सा आयरन की कमी, यानी एनीमिया से पीड़ित है। इसी तरह, देश में बड़ी संख्या में बच्चे अपनी उम्र और लंबाई के मुकाबले बौने और कमजोर हैं। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि उन्हें बचपन में पर्याप्त पोषक तत्व नहीं मिलते। इसी तरह, कई कारणों से, खासकर पोषक तत्वों के कम सेवन के कारण, लोग विटामिन की कमी से भी पीड़ित होते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि कुपोषण से निपटने का सबसे कारगर तरीका भोजन की थाली में पर्याप्त पोषक तत्व होना है। यह समझना होगा कि भोजन की पर्याप्तता और पोषण दो अलग-अलग चीजें हैं। पौष्टिक भोजन के लिए भोजन की थाली में काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन, खनिज, विटामिन आदि पर्याप्त मात्रा में होने चाहिएं। यह संभव है कि अगर आबादी को आवश्यक कैलोरी के साथ पर्याप्त भोजन मिल भी जाए, तो भी यह जरूरी नहीं है कि उसकी सभी पोषण संबंधी जरूरतें पूरी हो जाएं। आम तौर पर काबोर्हाइड्रेट खाद्यान्नों से प्राप्त होता है, लेकिन प्रोटीन की आवश्यकता ज्यादातर दालों, फलों और सब्जियों, सूखे मेवों, दूध और अंडे, मांस आदि से पूरी होती है। आलू, पत्तेदार सब्जियां, मिर्च, फल, अनाज, वसा, मांस, मछली, मशरूम आदि में असंख्य पोषक तत्व होते हैं। सभी पोषक तत्वों की आवश्यकता पूरी करनी है, तो हमें संतुलित आहार की आवश्यकता है, न कि केवल अनाज की।

# राष्ट्रीय प्रेस दिवस

वह सोचने लगे कि ऐसे माहौल में अब नेशनल प्रेस डे मनाने का क्या औचित्य? जहां कलम पर इतनी बंदिशें हैं कि कुछ लिखो तो पहले मार्केटिंग वाले चैक करते हैं कि कहीं लिखा हुआ सरकार और विज्ञापनदाताओं के हितों के खिलाफ तो नहीं। कुछ साल पहले तक वह आए दिन कोई न कोई स्कूप निकाल लेते थे। लेकिन अब स्कूप क्या, अगर कोई ढंग की स्टोरी भी करनी हो तो इतनी मुश्किलें हैं। अगर इससे बच भी गए तो दूसरे दिन सरकारी सलाहकार और विभाग धमकाने लगते हैं। विज्ञापन रुक जाता है। खबरें छपना बंद हो जाती हैं। वह सोचने लगे कि जब समूचे विश्व के लोकतंत्रों में निर्वाचित नेताओं द्वारा प्रेस की स्वतंत्रता और उसके मौलिक अधिकार पर हमला हो रहा है, ऐसे में उनके पास मूंगफली बेचने के अलावा क्या विकल्प बचता है? सरकार मानती है कि उसे उसके किसी भी कदम के लिए जवाबदेह ठहराना प्रेस की जिम्मेदारी नहीं।

**पीए सिद्धार्थ**

लोक सम्पर्क विभाग द्वारा फाईव स्टार होटेल में आयोजित किए जाने वाले लंच के साथ राष्ट्रीय प्रेस डे में शामिल होने का निमंत्रण मिलते ही झुन्नू लाल की बांछें खिल उठीं। वह अपने पत्रकार होने पर इतराने लगे। कितने सम्मान की बात है कि वह राज्य स्तरीय मान्यता पत्रकार हैं। यह बात अलग है कि संस्थान से उन्हें नाम मात्र वेतन ही मिलता है। पत्नी सरकारी नौकर न होतीं, तो घर का खर्च चलाना मुश्किल हो जाता। वह अन्य पत्रकारों की तरह नहीं कि सचिवालय और लोक सम्पर्क विभाग के चक्कर काटें या निजी संस्थानों से विज्ञापन इक्के करें। हां, सरकारी विभागों से जो विज्ञापन स्वयं आ जाते हैं, उनसे कुछ कमीशन अवश्य मिल जाती है। झुन्नू लाल ने गंतव्य तक पहुंचने के लिए लोक सम्पर्क विभाग द्वारा की गई व्यवस्था के बारे में जानने के लिए फोन किया तो पीआरओ ने बताया कि अगर वह चाहें तो उन्हें घर से उठाया जा सकता है। घर से उठाने की बात सुनते ही पहले तो झुन्नू खूब हंसे। फिर संजीदा होकर उसके अर्थ पर विचार करने लगे। घर से उठाने का मतलब। पर अब सचमुच माहौल ही ऐसा है कि सत्ता से आम आदमी या व्यवस्था से जुड़े सवाल उठाए जाने पर किसी पत्रकार या सामाजिक कार्यकर्ता को कभी भी उठाया जा सकता है। उसके खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज करवाई जा सकती है। उसकी हत्या करवाई जा सकती है। असामाजिक तत्व और सत्ता तराजू के एक ही पलड़े में बैठ कर ऐसे हरिश्चंद्रों का हिसाब-किताब करने में देर नहीं लगाते। उनके दिमाग में गौरी लंकेश, दाभोलकर, सिद्दीकी कप्पन, जेवियर जैसे कितने ही नाम कौंध गए।

वह सोचने लगे कि ऐसे माहौल में अब नेशनल प्रेस डे मनाने का क्या औचित्य? जहां कलम पर इतनी बंदिशें हैं कि कुछ लिखो तो पहले मार्केटिंग वाले चैक करते हैं कि कहीं लिखा हुआ सरकार और विज्ञापनदाताओं के हितों के खिलाफ तो नहीं। कुछ साल पहले तक वह आए दिन कोई न कोई स्कूप निकाल लेते थे। लेकिन अब स्कूप क्या, अगर कोई ढंग की स्टोरी भी करनी हो तो इतनी मुश्किलें हैं। अगर इससे बच भी गए तो दूसरे दिन सरकारी सलाहकार और विभाग धमकाने लगते हैं। विज्ञापन रुक जाता है। खबरें छपना बंद हो जाती हैं। वह सोचने लगे कि जब समूचे विश्व के लोकतंत्रों में निर्वाचित नेताओं द्वारा प्रेस की स्वतंत्रता और उसके मौलिक अधिकार पर हमला हो रहा है, ऐसे में उनके पास मूंगफली बेचने के अलावा क्या विकल्प बचता है? सरकार मानती है कि उसे उसके किसी भी कदम के लिए जवाबदेह ठहराना प्रेस की जिम्मेदारी नहीं। मीडिया सरकार के तलवे चाटने में व्यस्त है। इस पर भी तुर्रा यह कि सरकार को प्रेस बताती है कि उसे किस प्रकार और कैसी कवरेज करनी चाहिए।

विरोध करने वाले पत्रकारों को डराया जाता है। उन्हें लगा कि अब प्रेस मिशन नहीं बिजनस हो चुका है और बिजनस में समाज का नहीं अपना हित साधा जाता है। पर आम आदमी कहां जाए? यह सोचते ही उनके चेहरे पर तिरछी मुस्कान फैल गई। वह सोचने लगे कि अगर दिमाग का फितूर न हो तो वह भी तो आम आदमी हैं। सरकार से निरंतर समझौते करने के बाद कुछ सुविधाएं जुगाड़ लेने से वह खास तो नहीं हो जाते। कल को अगर वह कलम घिसना छोड़ दें तो उन्हें कौन पूछेगा। सरकारी घर भी खाली करवा लिया जाएगा। इसलिए संस्थान से रिटायर होने के बाद भी पत्रकार कलम नहीं छोड़ते। झुन्नू जी को एक बार पुनः राष्ट्रीय प्रेस डे की याद आ गई। वह व्यंग्यात्मक अंदाज में हंसते हुए सोचने लगे कि यह प्रेस है कौनसा? दबाने वाला या कपड़ों पर करने वाला? लिखने की आजादी पिछले एक दशक में सुविधाओं और भय की भीड़ में खो चुकी है। उन्हें ले जाने के लिए गेट के बाहर सरकारी गाड़ी आ चुकी थी। लेकिन अचानक न जाने क्या हुआ। उन्होंने फोन पर सरकारी भोज में शामिल न हो पाने की असमर्थता व्यक्त करते हुए क्षमा मांग ली। गाड़ी अब दूसरे पत्रकार के घर के बाहर प्रतीक्षारत थी।

# हिंसा

### चिंतन-मनन

**क्यों कि** इस संसार में अधिक लोगों के प्राण हिंसा से भरे हैं। इस संसार में इतना वैमनस्य,इतने युद्ध क्यों हैं? क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति लड़ने को मरने मारने को आतुर है। क्योंकि सदियों- सदियों से हमें जीना तो सिखाया नहीं गया,मरना सिखाया गया है। लोग कहते हैंः मरो देश पर; मरो देश के झंडे पर; मरो जाति पर; मरो धर्म पर; मरो चर्च पर, मस्जिद पर मंदिर पर। मगर तुमसे कोई भी नहीं कहता कि जीओ! कपड़े के टुकड़े, जो झंडे बन जाते हैं,उन पर मरो! जिंदगी जो परमात्मा की भेंट है, उसे आदमी के चीथड़ों पर बर्बाद करो! देश की सीमाएं, जो विक्षिप्त राजनीतिज्ञों द्वारा खींची जाती हैं,उन पर मरो! और यह अखंड पृथ्वीङ्क जो परमात्मा ने बिना किसी सीमा के बनायी है। इस पर जीओ मत। मंदिर और मस्जिद पर मरो,जो कि आदमी की ईजादें हैं। और परमात्मा ने यह विशाल मंदिर बनाया है। जिसमें आकाश के दीए जल रहे हैं जिसमें चांद और सूरज हैं जिसमें अनंत-अनंत फूलों की बहार है। इसमें जीओ मत! मेरा संदेश हैः मरने की भाषा छोड़ोङ्क मरने की भाषा रुग्ण है। जीने की भाषा सीखो। जीओ जी भर के जीओ! समग्रता से जीओ! पूरे-पूरे जीओ! क्योंकि तुम जितनी गहनता से जिओगे,उतने ही परमात्मा के निकट पहुंच जाओगे। परमात्मा जीवन का ही दूसरा नाम है। ऐसी लपट हो तुम्हारा जीवन जैसे मशाल को किसी ने दोनों ओर से एक-साथ जलाया हो। चाहे क्षण भर को जीओ, मगर ऐसी त्वरा हो जीवन में कि वह एक क्षण अनंतता के बराबर हो जाए। तुम्हें सिखायी गई है भाषा मरने की। राजनीति मरने की भाषा ही सिखानी है। वह कहती हैः मरो और मारो। क्रांति भी वही भाषा बोलती है कि मरो और मारो। मैं विद्रोह सिखा रहा हूं। मैं कहता हूं, न तो मरना है, न मारना है। जीओ और जीने दो। खुद भी जीओ औरों के जीने के लिए भी आयोजन दो। यह थोड़े दिन यह चार दिन परमात्मा की बड़ी भेंट हैं इन्हें ऐसे गंवा मत दो! और अगर यह पृथ्वी जीने के गीत गाने लगे, यह पृथ्वी अगर जीने की बांसुरी बजाने लगे, तो हो जाएगी,क्रांति जो अब तक नहीं हुई है। और उस क्रांति को कोई विकृत न कर सकेगाङ्क क्योंकि इस क्रांति को हम किसी की प्रतिक्रिया में नहीं कर रहे हैं। हम किसी से लड़ नहीं रहे हैं। सिर्फ अपने भीतर के अंधेरे को काट रहे हैं, सिर्फ हम अपने भीतर के पत्थरों को अलग कर रहे हैं, ताकि बह उठे झरना हमारे भीतर के जीवन का। और झरना बह उठे तो सागर दूर नहीं।

## आपके पत्र

### लापरवाही के अग्निकांड कब रुकेंगे?

**एक** बार फिर कुछ लोगों की लापरवाही नवजात बच्चों की जान पर भारी पड़ गई। हाल ही में महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झांसी में आग लगने से कुछ नवजात बच्चों की मौत हो गई और कुछ घायल भी हुए हैं। देश में इससे पहले भी अग्निकांड के दुखद हादसे हो चुके हैं। इससे पहले गुजरात के राजकोट में गेम जोन में आग लगने से लगभग 20 लोगों की जान चली गई थी। दिल्ली के विवेक विहार में एक बेबी केयर सेंटर में भी भयानक आग लग गई थी। इसमें कुछ नवजात बच्चों की मौत हो गई थी। नवंबर 2021 में एक सप्ताह में ही देश के विभिन्न राज्यों के दो अस्पतालों में आग की घटनाओं की खबरें सामने आई थीं। और भी कई हादसे हैं, परंतु इन हादसों पर रोक न लगना चिंता का विषय है।

**केएल श्रीवास्तव**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## विधानसभा प्रत्याशी एम टी राजा के पक्ष में जनसंपर्क अभियान



**साहिबगंज :** सदर प्रखंड के चासा टोला लाल बथानी सहित अन्य जगहो में इंडिया महागठबंधन के राजमहल विधानसभा प्रत्याशी एम टी राजा के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया।जनसंपर्क अभियान युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एखलाक नदीम ने लोगो को झारखंड सरकार की उपलब्धियां गिनाई।एखलाक नदीम ने लोगो से इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी एम टी राजा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।जनसंपर्क अभियान में साहिबगंज जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मो० कलीमुद्दीन,बासुकीनाथ यादव,युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष एखलक नदीम,सादिक अंसारी, गोकुल मंडल निवास मंडल,दिना मंडल आदि उपस्थित रहे।

## जमुआ में झामुमो को तगड़ा झटका, गीता हाजरा भाजपा में शामिल



**गिरिडीह:** जिला में भारतीय जनता पार्टी ने तगड़ी चाल चली है. यहां पूर्व विधायक बलदेव हाजरा की पुत्रवधू गीता हाजरा को अपनी पार्टी में शामिल करवा लिया है. गीता हाजरा जमुआ विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय नेता हैं और इनकी पकड़ क्षेत्र में काफी मजबूत है.

गीता हाजरा की जॉइनिंग सोमवार की रात को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के समक्ष हुई है. गीता के भाजपा में आने से जमुआ में झामुमो को जबरदस्त झटका लगा है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गीता का स्वागत किया है और कहा कि भाजपा सभी सीटों पर मजबूत है. लोगों के जुड़ने से संगठन को और भी बल मिल रहा है.

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में महिलाओं को पूरा सम्मान मिलता है. गीता को भी सम्मान दिया गया. साथ ही कहा कि भाजपा महिलाओं को सशक्त करने का कार्य करती रही है. इस चुनाव में महिला शक्ति भाजपा के साथ है.

झामुमो में हो रही थी उपेक्षा- गीता हाजरा

गीता हाजरा जमुआ से तीन बार विधायक रहे दिवंगत बलदेव हाजरा की पुत्रवधु हैं. गीता के पति दिवंगत प्रदीप हाजरा भी क्षेत्र के चर्चित नेता रहे. गीता हाजरा क्षेत्र में दो बार जिला परिषद सदस्य भी रह चुकी हैं. गीता हाजरा का कहना है कि झामुमो में उन्हें लगातार उपेक्षित किया जा रहा था. तीन तीन बार उन्हें जमुआ विधानसभा सीट से टिकट देने का भरोसा जेएमएम के आला नेताओं ने दिया था लेकिन टिकट दिया नहीं गया. उनकी और उनके परिवार की उपेक्षा लगातार की जाती रही ऐसे में उन्हें लगा कि उसकी प्रतिष्ठा भाजपा में ही बचेगी.

## चैनपुर में एक ही रात दो घरों में चोरी, गहने और नकद राशि ले उड़े चोर

**पलामू :** थाना क्षेत्र की पूर्वडीहा पंचायत के कोल्हुआ गांव में एक ही रात दो बंद घरों में चोरी हुई. चोरों ने एक ही तरीके से दोनों घरों में लगे बड़े-बड़े ताले तोड़कर दोनों घरो से महंगे आभूषण समेत नकदी की चोरी कर ली. जानकारी के अनुसार एक घर के मालिक कोल्हुआ निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक बिंदेश दूबे अपने बच्चों सहित पूरे परिवार के साथ वाराणसी में रहते हैं.

दूसरे घर के मालिक मनोज दूबे अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहते हैं. बताया जाता है कि बिंदेश दूबे के घर से 4 सेट गहने और 1 लाख नकद की चोरी हुई है जबकि मनोज दूबे के घर से दो लाख के गहने और 10 हजार कैश की चोरी हुई है. लोगों का मानना है कि कबाड़ी वाले लोग आते हैं और बंद घरों की रेकी करते है फिर चोरी की घटना को अंजाम देते हैं.

## गढ़वा पुलिस ने राहुल हत्याकांड का किया खुलासा, दोस्त ने कबूला जुर्म

**गढ़वा:** 15 नवंबर को जिले के नगर उंटारी थाना क्षेत्र के अहीरपुरवा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर राहुल नामक युवक की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है. नगर उंटारी थाने की पुलिस ने 72 घंटे के अंदर इस हत्याकांड का उद्भेदन करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है. अपने ही दोस्त की हत्या करने के मामले में पुलिस ने मोहन पासवान को गिरफ्तार किया है. हत्या में प्रयुक्त टांगी सहित अन्य सामग्री को भी पुलिस ने साक्ष्य के रूप में बरामद किया है. पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय ने बताया मोहन और राहुल आपस में दोस्त थे. दोनों मिलकर झारखंड के कई जगहों पर वॉल पुट्टी का काम किया करते थे. मोहन की एक प्रेमिका थी जिसके साथ राहुल ने संबंध बना लिया, जिससे दोनों में तनाव था. इसी को लेकर मोहन ने अपने दोस्त राहुल की हत्या कर दी है. दोस्ती का फायदा उठाकर मोहन ने राहुल को शराब पीने के बहाने बुलाया और हड़िया में मादक पदार्थ मिलाकर दोस्त राहुल को पिला दिया. उसके बाद मौका पाकर मोहन ने अपने दोस्त की टांगी से कटाकर हत्या कर दी. एसपी ने बताया घटना के बाद एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम बनाकर मामले का उद्भेदन करने का निर्देश दिया गया था. जिसके बाद इस हत्याकांड का खुलासा हुआ है. इसके साथ ही हत्या में इस्तेमाल हथियार को भी बरामद किया गया है.

## गिरिडीह में बीजेपी के रोड शो में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और रविंद्र राय हुए शामिल

गिरिडीहः दूसरे चरण के चुनाव के प्रचार के अंतिम दिन सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से गिरिडीह शहरी इलाके में रोड शो का आयोजन किया गया. जिसमें केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र राय शामिल हुए. इस दौरान दोनों नेताओं ने झारखंड में एनडीए की सरकार बनने का दावा किया. साथ ही राज्य सरकार पर कड़ा प्रहार किया.

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में सिर्फ लूट-खसोट हो रहा है और जनता को परेशान किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास की सोच के साथ काम करती है. पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भव्य राम मंदिर का निर्माण कराया गया है और अब भव्य कृष्ण भी बनेगा.

# डबल इंजन की सरकार बनी तो राजमहल में बांग्लादेशियों का रहने का कोई जगह नहीं होगी : योगी

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो घुसपैठियों को लात मार कर झारखंड से बाहर करने के काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम जब-जब बटे है। तब तब कटे हैं। इसलिए हम सभी को एक रहना है। एक जुट रहना है।हम एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। उक्त बातें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राजमहल विधानसभा स्थित मुरली मिशन मैदान में आयोजित एक चुनावी सभा में कहीं। अपने चुनावी सभा में राजमहल के भाजपा प्रत्याशी अनंत ओझा के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील भी किया। उन्होंने कहा कि अनंत ओझा एक जुझारू नेता है। उन्होंने अपने 10 साल के शासनकाल में अपने क्षेत्र में काफी विकास किया है। साहिबगंज से मनिहारी तक गंगा नदी पर पुल निर्माण का काम चालू है। राजमहल से मानिकचक गंगा नदी पर पुल बनाने के लिए राजमहल विधायक संकल्पित है। जिसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 25 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास दिया जाएगा। झारखंड में सरकार बनी तो गोगो योजना के तहत महिलाओं को 2100 देने




का काम करेगी। नौजवान युवकों को 2000 बेरोजगारी भत्ता देने के साथ-साथ डेढ़ लाख युवाओं को नौकरी देने का काम किया जाएगा और 5 लाख युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के घर से नोटों का ढेर पकड़ा जाता है।उनके नौकर के घर से नोट पकड़े जाते हैं।कांग्रेसी नेता के घर नोट का ढेर मिलता है। यह जो पैसा इन लोगों के घर में पकड़े गए हैं। यह मोदी सरकार के द्वारा भेजे गए पैसा थे। जो क्षेत्र के विकास में लगाना था। लेकिन इन लोगों ने अपने विकास में लगाने का काम किया। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों को भगाने का काम झामुमो राजद , कांग्रेस नहीं कर सकता । घुसपठियों को भगाने का काम केवल भाजपा सरकार ही कर सकती है। इसलिए हम आप सभी से कहने आया है। कि यहां के भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से वोट देकर विजय बनाएं। उन्होंने कहा कि झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनी तो राजमहल में बांग्लादेशियों का रहने का कोई जगह नहीं होगी। घुसपैठियों को लात मार कर यहां से बाहर निकल जाएगा। योगी की सभा में भीड़ देख गदगद हुए विधायक साहिबगंज राजमहल विधानसभा स्थित मुरली हॉल मैदान में आयोजित उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चुनावी सभा में उमड़ी जन सैलाब को देखकर भाजपा प्रत्याशी अनंत ओझा सहित सभी कार्यकर्ता गदगद नजर आया। भीड़ देख सभी नेता और कार्यकर्ता के चेहरे में खुशी की चमक दिखाई पड़ रहे थे।

योगी को देखने के लिए उत्साहि भीड़ ने तोड़ा बेरीकेटिंग

साहिबगंज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री शाह हिंदू ह्रदय सम्राट योगी आदित्यनाथ को देखने वह सुनने के लिए उत्साहित जन सैलाब ने ब्रैकेटिंग तोड़कर आगे पहुंचने लगे। जिसे सुरक्षाकर्मी ने तत्काल शांत कराया। इसके बावजूद लोगों में काफी उत्साह नजर आ रहे थे। महिलाएं हिंदू ह्रदय सम्राट की झलक देखने के लिए काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। कई महिला योगी आदित्यनाथ को चेयर पर खड़ा होकर देख रहे थे।इस अवसर पर आजसु जिला अध्यक्ष चतुरनंद पांडे, रामानंद शाह, प्रदीप पासवान , प्रेमलाल मंडल, पंकज मंडल, अन्य सेकौडे कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डिस्पैच सेन्टर में सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की संयुक्त ब्रीफिंग का आयोजन

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** विधानसभा चुनाव 2024 के परिपेक्ष्य 20 नवंबर को मतदान होना है।वहीं 19 नवंबर को पोलिंग पार्टी को पुलिस लाईन में बनाए गए डिस्पैच सेन्टर में इभीएम सीयु,बीयु का डिस्पैच किया जाना है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में डिस्पैच सेन्टर में सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की संयुक्त ब्रीफिंग किया गया। ब्रीफिंग के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को दिए ट्रेनिंग में बताएं गए कार्य एवं दायित्व की पूर्ण कर्तव्यों को मतदान के दिन निभाने को कहा गया, उन्होंने कहा की सभी पोलिंग पार्टी को मतदान केंद्र तक समय पर पहुंचाना, निर्धारित समय पर मॉक पोल कराना, मतदान कराना, इभीएम, सीयु , बीयु का सीलिंग कराना, उम्मीदवारों के



द्वारा 200 मीटर की परिधि के अंदर में कैंप ना लगा हो, बूथ के अंदर कोई भी मतदाता अपना मोबाइल फोन लेकर न जाए एवं अन्य संबंधित कार्यों को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के आलोक के कार्य संपन्न कराना सुनिश्चित करें।मौके पर 03- बरहेट अ0ज0जा0 के सामान्य प्रेक्षक मजीद खलील अहमद ड्राबु, व्यय प्रेक्षक अनादी दिक्षित, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, 3 बरहेट निवार्ची पदाधिकारी -सह- अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत,2 बोरियो निवार्ची पदाधिकारी -सह- अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, 1राजमहल निवार्ची पदाधिकारी -सह- अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनिता किस्कू , जिला आपूर्ति पदाधिकारी झूनु कुमार मिश्रा, भू-अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर दास, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी, सीएपीफ समेत अन्य उपस्थित थे।

## मतदान पदाधिकारियों व कर्मियों का हुआ तृतीय रैंडमाइज़ेशन

साहिबगंजःसमहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में रैंडमाइजेशन निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ ।1राजमहल, 2 बोरियो,3बरहेट विधानसभा क्षेत्रों में बनाए गए मतदान केन्द्रों पर 20 नवंबर को मतदान कराने के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों व कर्मियों को तृतीय अंतिम रैंडमाइजेशन किया गया। समहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में मौके पर 01राजमहल सामान्य प्रेक्षक डॉ. सी. आर. प्रसन्ना 03 बरहेट अ0ज0जा0 के सामान्य प्रेक्षक मजीद खलील अहमद ड्राबु, 3बरहेट निवार्ची पदाधिकारी -सह- अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, 2 बोरियो निवार्ची पदाधिकारी -सह- अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, 1राजमहल निवार्ची पदाधिकारी -सह- अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार की उपस्थिति में रेंडमाइजेशन का कार्य संपन्न हुआ ।मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज झा, जिला सुचना एवं विज्ञान पदाधिकारी उमेश कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## घुसपैठियों को चुन-चुनकर ट्रेन से बांग्लादेश भेजा जाएगा : शिवराज सिंह चौहान




मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज:** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को साहिबगंज के रेलवे जनरल इंस्टीट्यूट मैदान में भाजपा की विजय संकल्प सभा को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने बरहेट विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी गमालियन हेंब्रम और राजमहल विधानसभा के बीजेपी उम्मीदवार अनंत ओझा के पक्ष में चुनाव प्रचार किया और जनता से बीजेपी प्रत्याशियों के पक्ष में वोट करने की अपील की.

जनसभा को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने जिलेवासियों को एकजुट रहने का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि साहिबगंज में बांग्लादेशी घुसपैठिए बुरी तरह से अपनी पैठ जमा चुके हैं. आदिवासियों की लड़कियों से विवाह कर रहे हैं. चुनाव में उन आदिवासी महिलाओं का फायदा उठा रहा हैं. आज इनके घरों पर जेएमएम और कांग्रेस का झंडा लहराया जा रहा है.

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड में यदि भाजपा की सरकार बनती है तो इन बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिह्नित कर चुन-चुनकर ट्रेनों में भरकर बांग्लादेश भेज दिया जाएगा. साथ ही पेपर लीक करने वाले लोगों को जेल भेजा जाएगा. उन्होंने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में यदि भ्रष्टाचार के शिरोमणि हैं तो वो सीएम हेमंत सोरेन हैं. यही वजह है आज आदिवासियों की संख्या घटकर 28 फीसदी पर आ चुकी है. सीएम को कभी इस बात की चिंता नहीं हुई कि यहां आखिर आदिवासियों की संख्या क्यों घट रही है.

उन्होंने कहा कि झारखंड में केंद्र सरकार ने जल-जीवन मिशन चालू किया कि हर घर में नल से पेयजल मिले, लेकिन झारखंड में इसमें भी घोटाला किया गया. उन्होंने कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री आलमगीर आलम पर भी साढ़े तीन सौ करोड़ का घोटाला करने का आरोप लगाया.

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड में बीजेपी की सरकार बनती है तो दिसंबर के पहले सप्ताह से महिलाओं के खाते में 2100 रुपये भेजे जाएंगे. हर माह की 11 तारीख को गोगो दीदी योजना के तहत महिलाओं के खाते में पैसे भेजे जाएंगे.

उन्होंने आगे कहा कि सरकार किसानों से धान 3100 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदेगी और 24 घंटे के अंदर किसानों के खाते में राशि भेज दी जाएगी. साथ ही सहारा इंडिया का पैसा हर गरीब के खाते में भेजा जाएगा. झारखंड वासियों को हर माह 500 रुपये में गैसे सिलेंडर व त्योहार में दो सिलेंडर मुफ्त में दिया जाएगा.

# हम अपने काम की बदौलत फिर से जनता का आशीर्वाद लेकर सरकार बनाएंगेः हेमंत सोरेन

मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमकाः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को शिकारीपाड़ा के कॉलेज मैदान में झामुमो प्रत्याशी आलोक कुमार सोरेन के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित किया. इस मौके पर दुमका सांसद नलिन सोरेन के साथ उनके पुत्र आलोक कुमार सोरेन जो प्रत्याशी हैं वे भी मंच पर मौजूद थे.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संबोधन में भारतीय जनता पार्टी पर धर्म -जाति के नाम पर वोट मांगने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में यह पहला मौका है जब हमलोगों ने बीजेपी को सत्ता से दूर रखा. अभी भाजपा वालों की स्थिति बिन पानी के मछली के समान हो गई है. वह येन केन प्रकारेण इस राज्य में गुजरातियों और पूंजीपतियों के लिए डबल इंजन की सरकार बनना चाहती है, पर हमने इस राज्य के सभी वर्गों के लिए काम किया है, चाहे वह महिला हो या किसान हो, युवा हो या फिर बुजुर्ग. सभी के हितों को ध्यान में रखकर कई योजनाएं बनाई गई हैं. जिसका सबको लाभ हो रहा है.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झामुमो प्रत्याशी आलोक कुमार सोरेन के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए (ए३५ ईं१३)

उन्होंने कहा कि यह आप सब जानते हैं कि आज झारखंड में लोग कितने गरीब



हैं. महिलाएं अपनी किसी भी जरूरत के लिए एक-एक रुपए के लिए तरसती हैं. बच्चों की फीस भरना उनके लिए मुश्किल होता है. आज महिलाओं के लिए जो हमने मंईयां सम्मान योजना शुरू की है उसका लाभ उनको मिल रहा है. अभी एक - एक हजार रुपये खाते में गया है और आने वाले दिनों में यह राशि ढाई हजार रुपए हो जाएगी.

हेमंत सोरेन ने कहा कि इससे प्रत्येक महिला को सम्मान और आर्थिक शक्ति मिली. हमारी योजना साल में काम से कम एक लाख रुपये प्रति महिला को देने की है. वहीं बुजुर्गों को पेंशन के रूप में लाठी दी गई. किसानों के कृषि ऋण माफ किए गए तथा सबसे बड़ी बात यह है कि यहां की गरीब जनता के लिए बिजली बिल माफी योजना लाई गई, जिसमें एक लाख, डेढ़ लाख, दो लाख रुपए के बिजली बिल माफ हुए.

हेमंत सोरेन ने कहा कि आप फिर से महागठबंधन की सरकार बनाएं और आने वाले 05 वर्षों में यहां के आदिवासी, मूलवासी, पिछड़े, अल्पसंख्यक, दलित सभी को हम इतना मजबूत कर देंगे कि फिर से इस राज्य में दूसरे दल की सरकार बनना भी मुश्किल हो जाएगा.

हेमंत सोरेन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी झूठ बोलकर सत्ता पर काबिज होना चाहती है, पर आप उनके मंसूबे को समझें और उन्हें सत्ता से दूर रखें. हेमंत सोरेन ने भाजपा पर यह आरोप लगाया कि वह धर्म और जाति के आधार पर लोगों से वोट मांग रहे हैं. उन्होंने कहा कि इससे आने वाली पीढ़ी को खतरा है, इसलिए इस पर ध्यान देना है और बच के रहना है.

आखिर क्यों समय से पहले कराए जा रहे हैं चुनावः

हेमंत सोरेन ने उपस्थित लोगों से कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल का एक - डेढ़ माह बचा हुआ था और हम आपके हित में लगातार कई फैसले ले रहे थे, नई योजनाएं धरातल पर उतार रहे थे पर इन सबको रोकने के लिए समय से पहले इस राज्य में विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी गई. उन्होंने पूछा कि इस तरह का फैसला भाजपा की सरकार के समय क्यों नहीं लिया गया था?

सांसद नलिन सोरेन ने अपने पुत्र के लिए मांगा वोट

वहीं इस अवसर पर दुमका के सांसद नलिन सोरेन ने कहा कि वर्तमान की झारखंड सरकार ने जनता के लिए जो कल्याणकारी योजनाएं लाई हैं उसका लाभ करोड़ों लोगों को मिला है. आपने मुझे इस क्षेत्र में 35 वर्षों तक सेवा करने का अवसर दिया अब मेरा पुत्र आलोक सोरेन मैदान में है तो आप उन्हें अपना आशीर्वाद दें और विधायक बनाएं.



## बेटे अभिषेक से अपनी तारीफ सुन भावुक हुए अमिताभ बच्चन

**बॉलीवुड** के महानायक अमिताभ बच्चन अपने पुत्र अभिषेक बच्चन से अपनी तारीफ सुनकर भावुक हो गए। सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन के शो कौन बनेगा करोड़पति में अभिषेक बच्चन ने शिरकत की है। अभिषेक इस शो में अपनी आने वाली फिल्म आई वांट टू टॉक के प्रमोशन के लिए पहुंचे। इस शो के कई प्रोमो सामने आ चुके हैं। शो में अभिषेक बच्चन ने परिवार के के कई राज खोले और अमिताभ बच्चन की तारीफ की। अभिषेक से अपनी तारीफ सुनने के बाद अमिताभ भावुक हो गए। शो के दौरान अभिषेक ने कहा, पा, पता नहीं कि ये सही है कि नहीं उम्मीद करता हूं कि लोग गलत न समझे। लेकिन हम लोग आज यहां बैठे हैं रात के 10 बज गए हैं। सुबह 6.30 मेरे पापा घर से निकले थे ताकि हम आराम से 8-9 बजे सुबह जाग सकें। कोई ज्यादा बात करता नहीं है कि एक पिता अपने बच्चों के लिए क्या-क्या करता है, क्योंकि वो चुपचाप करते हैं। हमारे घर में पूरा परिवार मिल बैठकर खाना खाता है और कोई सवाल पूछता है तो सारे जितने बच्चे हैं वो एक साथ बोल जाते हैं 7 करोड़। फिर अमिताभ बच्चन कहते हैं इनको बुलाकर बहुत बड़ी गलती कर दी यहां। शूजित सरकार निर्देशित आई वांट टू टॉक 22 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में जॉनी लीवर और अहिल्या बामरू भी हैं और इसका निर्माण राइजिंग सन फिल्म्स के तहत रॉनी लाहिड़ी और शूजित सरकार ने किया है।

> शो के दौरान अभिषेक ने कहा, पा, पता नहीं कि ये सही है कि नहीं उम्मीद करता हूं कि लोग गलत न समझे। लेकिन हम लोग आज यहां बैठे हैं रात के 10 बज गए हैं। सुबह 6.30 मेरे पापा घर से निकले थे ताकि हम आराम से 8-9 बजे सुबह जाग सकें। कोई ज्यादा बात करता नहीं है कि एक पिता अपने बच्चों के लिए क्या-क्या करता है, क्योंकि वो चुपचाप करते हैं।



सुष्मिता सेन बर्थडे

## 70 के दशक में बोल्ड अभिनेत्रियों की लिस्ट में टॉप पर थीं जीनत अमान, आज मना रही 73वां बर्थडे

**हिंदी सिनेमा** की लोकप्रिय अदाकारा जीनत अमान आज यानी की 19 नवंबर को अपना 73वां जन्मदिन मना रही हैं। 19 नवंबर 1951 को मुंबई में जीनत अमान का जन्म हुआ था। उन्होंने बहुत कम उम्र से मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा था। वहीं एक्टिंग करियर शुरू करने से पहले उन्होंने साल 1970 में मिस एशिया पैसेफिक का खिताब अपने नाम किया था। जिसके बाद फिर हलचल में उनको एक छोटा सा रोल मिला और इस तरह से एक्ट्रेस की अभिनय यात्रा की शुरूआत हुई। उस दौर में एक्ट्रेस ने एक से बढ़कर एक फिल्मों में काम किया और फैशन के मामले में बॉलीवुड की हवा बदल दी थी। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर एक्ट्रेस जीनत अमान के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

एक्ट्रेस जीनत अमान ने यादों की बारात, रोटी कपड़ा और मकान, पुकार, दोस्ताना, डार्लिंग डार्लिंग, हरे रामा हरे कृष्णा, अजनबी, डॉन, धरम वीर, धुंध, कुबार्नी, इंसाफ का तराजू, हम किसी से कम नहीं, लावारिस और चोरी मेरा काम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। फिल्मों में बोल्ड सीन देना हो या फिर स्टाइलिश कपड़े हों, जीनत अमान का कोई मुकाबला नहीं। एक्ट्रेस ने फैशन के मामले में नए चलन शुरू किया। जिस दौर में अभिनेत्रियां फिल्मों में इंडियन आउटफिट में नजर आती थीं, तब जीनत अमान ने बोल्ड कपड़े पहनकर तहलका मचा दिया।

**ग्लैमर का तड़का:** एक्ट्रेस जीनत अमान ने इंडस्ट्री में फैशन का नया ट्रेंड शुरू किया। उन्होंने हिप्पी ट्रेंड और रेट्रो लुक का चलन शुरू किया था। आज के दौर में जिन एक्ट्रेसेज की बिकनी लुक की सोशल मीडिया पर चर्चा होती है, लेकिन उस दौर में फिल्मों में बिकनी पहनना बड़ी बात थी। दशकों पहले जीनत अमान ने फिल्मों में बिकनी शूट कराया और एक्ट्रेस का मल्टीकलर फोटोशूट काफी चर्चा में रहा। एक्ट्रेस का यह अंदाज आज की कई बोल्ड अभिनेत्रियों को टक्कर देने वाला है।

जीनत ने बोल्डनेस से जीते दिलः फिल्मों में रोमांटिक और बोल्ड सीन देने से परहेज न करने वाली जीनत अमान ने फिल्म 'सत्यम शिवम सुंदरम' में सफेद साड़ी में हद से ज्यादा बोल्ड सीन देकर सनसनी फैला दी थी। यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई और उस दौर में जीनत अमान पहली अभिनेत्री थीं, जो फिल्मों में वेस्टर्न कपड़ों में दिखीं।

**पर्सनल लाइफः** जीनत अमान की पर्सनल लाइफ के बारे में बात करें, तो निर्देशक संजय खान से एक्ट्रेस का अफेयर चर्चा में रहा था। दोनों ने शादी भी कर ली थी। लेकिन संजय खान पहले से शादीशुदा थे और फिर दोनों के रिश्ते में दरार पड़ गई। एक बार संजय खान ने होटल में जीनत को बुरी तरह से पीटा था, जिसके कारण एक्ट्रेस की आंखों की रोशनी तक चली गई थी। संजय से रिश्ता टूटने के बाद जीनत अमान ने मजहर खान से शादी कर ली। हालांकि यह रिश्ता भी लंबा नहीं चल सका और दोनों का तलाक हो गया।

## उन्हें वैसे ही रहने दो, सौरव गांगुली ने किया गौतम गंभीर और सरफराज खान का समर्थन

**नई दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने भारतीय टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर की रिकी पोंटिंग, मैथ्यू हेडन, स्टीव वॉ जैसे ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ियों से तुलना करते हुए कहा कि भारत के मुख्य कोच ऐसे ही हैं। इसके साथ ही गांगुली ने ऑस्ट्रेलिया में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सरफराज खान को मौका दिए जाने का भी पुरजोर समर्थन किया है।

रेवस्पोर्ट्ज के साथ बातचीत में गांगुली ने कहा, मैं बस इतना कहूंगा कि उन्हें वैसे ही रहने दो। मैंने संवाददाता सम्मेलन में उसकी कुछ आलोचना देखी है। वह ऐसे ही हैं, उन्हें उनके जैसे रहने दो। जब उन्होंने आईपीएल में जीत दर्ज की थी, तब भी वह ऐसे ही थे। तब आप उन पर खुश थे। आलोचना केवल इसलिए कि वह श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट और एकदिवसीय श्रृंखला हार चुके हैं, उनकी सीधी बात को आपने सही ढ़ंग से नहीं लिया, लेकिन वह ऐसे ही हैं।



उन्होंने कहा, और क्यों नहीं वह ऐसे हों ऑस्ट्रेलियाई, जब से मैंने क्रिकेट देखा है, वे हमेशा से बात करने में कठोर रहे हैं। फिर चाहे वह स्टीव वॉ, पोंटिंग या मैथ्यू हेडन हों, वे इसी तरह से खेलते थे। इसलिए गंभीर ने जो कहा है उसमें कुछ भी गलत नहीं है। वह ऐसे ही हैं और वह लड़ना जानते हैं। वह प्रतिस्पर्धा करना जानते हैं, इसलिए हमें उन्हें मौका देना चाहिए। अभी दो या तीन महीने ही हुए हैं और आप उन पर फैसला सुना रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के लिए सरफराज की उपयुक्तता के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में गांगुली ने उनका समर्थन करते हुए कहा कि आपको उसे जानने का मौका देना होगा। उसे मौका दिए बिना आप कैसे कुछ कह सकते हैं। पहले उसे विफल होने दें। उसने घरेलू क्रिकेट में ढेरों रन बनाते हुए टीम में अपनी जगह बनाई है। उसे किसी ने मौका नहीं दिया है। इसलिए उसे मौका दिए बिना उसे खारिज न करें। एक बार जब आप ऐसा कर लेंगे, तो आप निर्णय लेने की स्थिति में होंगे। उन्होंने कहा कि मैं बहुत स्पष्ट हूं, आपको उसे जानने का मौका देना चाहिए कि वह कितना अच्छा या बुरा है। ऐसा किए बिना, उसके बारे में निर्णय न दें।

सुष्मिता सेन बर्थडे

## दो फ्लॉप के बाद आई थी पहली हिट फिल्म

**बॉलीवुड** की जानी-मानी अभिनेत्री और पूर्व यूनिवर्स सुष्मिता सेन आज 49 वर्ष की हो गईं। सुष्मिता सेन का जन्म हैदराबाद में 19 नवंबर 1975 को हुआ था। सुष्मिता सेन के पिता सुबीर सेन एयर फोर्स में विंग कमांडर थे, जबकि मां शुभरा सेन ज्वैलरी व्यवसाय से ताल्लुक रखती थीं। सुष्मिता सेन ने वर्ष1994 में मिस इंडिया प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिसमें वह प्रथम चुनी गई। इसके बाद वर्ष 1994 में सुष्मिता सेन मिस यूनिवर्स चुनी गईं। सुष्मिता सेन ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म दस्तक से की, लेकिन यह फिल्म कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी। इसके बाद सुष्मिता सेन को वर्ष 1997 में सन्नी देओल के अपोजिट जोर में काम करने का अवसर मिला, लेकिन यह फिल्म भी टिकट खिडकी पर असफल साबित हुई। वर्ष 1999 सुष्मिता सेन के करियर के लिए अहम साल साबित हुआ। इस वर्ष उनकी बीबी नंबर वन और सिर्फ तुम जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुईं। बीबी नंबर वन के लिए



सुष्मिता सेन को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिए सम्मानित किया गया। सिर्फ तुम के लिये इसी श्रेणी में नामांकित किया गया। वर्ष 2002 में सुष्मिता सेन को मेघना गुलजार निर्देशित फिल्म फिलहाल में काम करने का अवसर मिला।मेघना गुलजार की यह पहली निर्देशित फिल्म थी। इस फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये सुष्मिता सेन को एक बार फिर से सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिये नामांकित किया गया। वर्ष 2004 में प्रदर्शित फिल्म मैं हूँ ना सुष्मिता सेन के करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार की जाती है। इस फिल्म में सुष्मिता सेन को पहली बार किंग खान शाहरूख खान के साथ काम करने का अवसर मिला। फराह खान के निर्देशन में बनी यह फिल्म सुपरहिट साबित हुई। वर्ष 2005 में सुष्मिता सेन ने सलमान खान के साथ मैने प्यार क्यों किया जैसी सुपरहिट फिल्म में भी काम किया।इसके बाद सुष्मिता की कई फिल्में प्रदर्शित हुईं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हुई। सुष्मिता सेन की फिल्म वर्ष 2010 में नो प्रॉब्लम प्रदर्शित रिलीज हुई। सुष्मिता सेन ने अपने सिने करियर में करीब 40 फिल्मों में काम किया है। उनके करियर की अन्य फिल्मों में हिंदुस्तान की कसम, क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता, आंखें, तुमको न भूल पाएंगे।

## चेतेश्वर पुजारा की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में एंट्री, करेंगे कमेंट्री

**नई दिल्ली:** भारतीय टीम के प्रमुख बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा काफी समय से बाहर चल रहे हैं। 36 साल के पुजारा ने पिछले साल आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत के लिए आखिरी मैच खेला था। उसके बाद से फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है। इसके बाद भी पुजारा टीम इंडिया में वापसी नहीं कर पाए। हाल में ही रणजी ट्रॉफी में उन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाफ दोहरा शतक लगाया था।

चेतेश्वर पुजारा को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया है। इसके बाद भी उनकी टूर्नामेंट में एंट्री हो गई है। वह कमेंटेटर के रूप में ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच होने वाली टेस्ट सीरीज का हिस्सा होंगे। टूर्नामेंट के लिए घोषित हिंदी कमेंट्री टीम में पुजारा का नाम भी शामिल है। यह पहला मौका होगा, जब पुजारा कमेंट्री बॉक्स में नजर आएंगे। दिनेश कार्तिक भी पुजारा की तरह ही संन्यास लेने के पहले ही कमेंट्री शुरू कर दी थी।



आईसीसी चैंपियंस ट्राफी 2025

## पाक में ही करवाएंगे चैंपियंस ट्रॉफी: पीसीबी

### जिद पकडकर बैठा पड़ोसी मुल्क, मोहसिन नकवी को भारत से सकारात्मक उम्मीद

**एजेंसी/कराची:** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पास है। भारत ने सुरक्षा कारणों से चैंपियंस ट्रॉफी के मैच पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया है। भारत अपने मैच हाइब्रिड मॉडल के तहत किसी और देश में खेलना चाहता है। वहीं, पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल में नहीं खेलने की जिद पकडकर बैठ गया है। पीसीबी पूरी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन पाकिस्तान में करवाना चाहता है। पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी ने सोमवार को एक बार फिर हाइब्रिड मॉडल को खारिज कर दिया। उन्होंने साथ ही भारत से एक गुजारिश की। भारत के इनकार के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने एक हफ्ते



पहले हाइब्रिड मॉडल को लेकर पीसीबी से जवाब मांगा था। नकवी ने लाहौर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमने उन्हें (आईसीसी) अपने सवाल भेज दिए हैं। हम अब भी उनके जवाब का इंतजार कर रहे हैं। मेरा मानना है कि खेल और राजनीति अलग-अलग हैं।

किसी भी देश को दोनों को मिलाना नहीं चाहिए। अब भी मुझे चैंपियंस ट्रॉफी के बारे में सकारात्मक उम्मीदें हैं। जब नकवी से पूछा गया कि अगर पीसीबी से मेजबानी का अधिकार छीन लिया जाता है, तो क्या बोर्ड इस टूर्नामेंट का बहिष्कार करने पर विचार करेगा? उन्होंने कहा, पाकिस्तान का गौरव सर्वोपरि है। पीसीबी ने ट्रॉफी टूअर शेड्यूल में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को भी जोड़ा था, जिस पर भारत ने कड़ा विरोध जताया। भारत के विरोध के बाद आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के प्रदर्शनी दौरे के लिए जारी कार्यक्रम में पीओके के शहरों को शामिल नहीं किया। नकवी से जब ट्रॉफी टूअर को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि आईसीसी को अपनी विश्वसनीयता के बारे में सोचना होगा कि क्या वे दुनिया के सभी बोर्ड के लिए एक संगठन है। हम भारत की चिंताओं को दूर कर सकते हैं: नकवी ने कहा, हम हाइब्रिड मॉडल नहीं अपनाएंगे। हम चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पूरी तरह से पाकिस्तान में करेंगे। पीसीबी चीफ ने कहा, फिलहाल, चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करने वाली हर टीम आने को तैयार है। किसी को कोई समस्या नहीं है। मैं आज भी यही कहूंगा कि अगर भारत को कोई चिंता है तो हमसे बात करें। हम उनकी चिंताओं को दूर कर सकते हैं। मुझे नहीं लगता कि उनके दौरे से बचने का कोई कारण है।

न्यूज ब्रीफ




## विक्की कौशल के साथ कैंपस लेकर आया नया ब्राण्ड कैंपेन मूव यॉर वे

**रांची:** भारत के अग्रणी स्पोर्ट्स एवं एथलेजर फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक, कॅम्पस एक्टिववियर लिमिटेड, ने आज ब्राण्ड अम्बेसडर विक्की कौशल के साथ अपनी नई ब्राण्ड कैंपेन फिल्म का अनावरण किया। फिल्म युवाओं की भावनाओं पर रोशनी डालते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करती है।अभियान फिल्म 'मूव योर वे' की अवधारणा पर केंद्रित है-- एक ऐसा विचार जिसके माध्यम से ब्राण्ड अपने व्यक्तित्व, अपने अंदाज, और आत्मविश्वास के साथ जीवन की राह पर चलने का संदेश देता है। यह युवाओं को अपने व्यक्तित्व पर भरोसा करने और अपने बनाए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करता है। यह हमें याद दिलाता है कि जब हम अपनी असली पहचान को अपनाते हैं, जिंदगी खुद ही हमें इनाम देने का तरीका ढूंढ लेती है। फिल्म की शुरूआत विक्की कौशल के साथ होती है, जो एक डायरेक्टर और प्रोड्यूसर के साथ मीटिंग में हैं और अपने अनूठे अंदाज में, आत्मविश्वास के साथ फिल्म की भूमिका पर चर्चा करते नजर आते हैं। जैसे ही डायरेक्टर और प्रोड्यूसर अपना प्रस्ताव रखते हैं, विक्की अपनी ही दुनिया में खोये हुए नजर आते हैं। जब उन्हें लगता है कि विक्की कोई रूचि नहीं दिखा रहे, तब वे उन्हें डबल रोल, यहां तक कि ट्रिपल रोल ऑफर करते हैं। इस बीच अचानक, विक्की डांस करने लगते हैं, फिर रुकते हैं और मुस्कराते हुए अपने स्टाइलिश कॅम्पस शूज की तरफ इशारा करते हुए कहते हैं डैम गुड शूज, यार! डायरेक्टर और प्रोड्यूसर दोनों हैरान रह जाते हैं। फिल्म एक प्रभावशाली संदेश के साथ समाप्त होती है, व्हेन यू मूव योर वे, द वर्ल्ड मूव्स विद यू।, कॅम्पस मूव यॉर वे।

## मणिपाल सिग्ना ने लॉन्च किया सर्व , भारत के मिसिंग मिडिल पर विशेष ध्यान देने वाली संपूर्ण स्वास्थ्य बीमा योजना




**रांची :** सबसे तेजी से बढ़ती स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनियों में से एक, मणिपाल सिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस ने अपनी नई स्वास्थ्य बीमा पेशकश, मणिपाल सिग्ना सर्व के लॉन्च की घोषणा की है। संपूर्ण स्वास्थ्य बीमा समाधान प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया, सर्व - जिसका अर्थ है सभी के लिए, व्यापक ग्राहक वर्गों के लिए किफायती और समावेशी स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करता है, जिसमें भारत की लापता मध्यम आबादी पर विशेष ध्यान दिया जाता है।भारत संक्रामक, गैर-संक्रामक और जीवनशैली संबंधी बीमारियों के तीन गुना बोझ से जूझ रहा है। नीति आयोग की भारत के लापता मध्यम वर्ग के लिए स्वास्थ्य बीमा रिपोर्ट के अनुसार, कम से कम 30% आबादी या लापता मध्यम वर्ग के वर्ग में आने वाले 35-40 करोड़ व्यक्ति स्वास्थ्य के लिए किसी भी वित्तीय सुरक्षा से वंचित हैं। इस प्रकार, देश भर में स्वास्थ्य बीमा की पैठ बढ़ाने और लापता मध्यम वर्ग सहित विभिन्न ग्राहक वर्गों की जरूरतों को पूरा करने के लिए, मणिपाल सिग्ना ने अप्रत्याशित उच्च स्वास्थ्य व्यय से बचाव के लिए पूर्ण स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा प्रदान करने के लिए सर्व लॉन्च किया है, जो परिवारों को गरीबी में धकेले जाने से बचा सकता है।

## बुजुर्ग सांस नहीं ले पा रहे, छोटे-छोटे बच्चे एस्ट्रॉयड, इनहेलर लेने को मजबूर,4



**नई दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा है कि पूरे उत्तर भारत में पराली जलने से बढ़ते प्रदूषण के कारण लोगों का सांस लेना दुश्वार हो गया है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित केंद्र सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। सुश्री आतिशी ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि देश में पराली जलाने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है लेकिन भाजपा शासित केंद्र सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। प्रदूषण के कारण बुजुर्ग सांस नहीं ले पा रहे है, छोटे-छोटे बच्चे एस्ट्रॉयड, इनहेलर लेने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि हरियाणा, उत्तर-प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में पिछले 6-7 सालों में लगातार पराली जलाने की घटनाएं बढ़ी हैं, लेकिन केंद्र सरकार कुछ नहीं कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब इकलौता ऐसा राज्य है, जहां पराली जलाने की घटनाएं कम हुई है। पराली जलाने की घटनाएं 2021 में 73,300 से घटकर 2024 में 8,404 रह गई जबकि भाजपा शासित मध्य प्रदेश में पराली जलाने की घटनाएं सबसे ज्यादा है। गत 15 सितंबर से 17 नवंबर तक 9600 घटनाएँ हुई है जिससे यहाँ के शहरों में हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में है। उन्होंने कहा कि, भाजपा शासित केंद्र राजनीति करना बंद करें और अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पराली जलाने की घटनाओं पर रोकथाम लगाएं। सुश्री आतिशी ने कहा, आज दिल्ली के लोग बहुत परेशान हैं। मेरी दिल्ली के लोग सांस नहीं ले पा रहे हैं। कल रात भर मुझे लोगों के फोन आते रहे। किसी को अपने बुजुर्ग माता-पिता को साँस लेने की दिक्कत के कारण अस्पताल में भर्ती करवाना था तो किसी अभिभावक को अपने छोटे-छोटे बच्चे को देर रात एस्ट्रॉयड के इनहेलर दिलवाना था। उन्होंने कहा, आज पूरे उत्तर भारत को मेडिकल इमरजेंसी में धकेल दिया गया है। चाहे दिल्ली हो, चंडीगढ़ हो, राजस्थान में बीकानेर हो, भोपाल हो, पटना हो, लखनऊ हो। आज पूरे देश में वायु की गुणवत्ता(एक्यूआई) बहुत खराब और गंभीर श्रेणी में है।

# गठबंधन के साथी भी आपके साथ नहीं, राहुल पर नड्डा का प्रहार, बोले, आप एक होते तो सेफ होते

,1,लीड

**मुंबई:** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को महाराष्ट्र में रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। नड्डा ने राहुल की तरफ से एक हैं तो सेफ हैं नारे का मखौल उड़ाए जाने को लेकर गुस्सा जताया और कहा कि एक हैं तो सेफ हैं का मतलब यह है कि अगर एकता है, तो हम सुरक्षित रहते हैं। नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी जब कहते हैं कि एक हैं तो सेफ हैं, तो इसका मतलब होता है कि जब आप एक साथ रहेंगे तो सभी सुरक्षित रहेंगे। राहुल के एक हैं तो सेफ हैं का मतलब मैं आपको बताता हूं।



राहुल की प्रेस कॉन्फ्रेंस में महा विकास अघाड़ी का एक साथी मौजूद नहीं था। इनके एक का मतलब है कि अकेले हैं तभी सुरक्षित हैं। भाजपा प्रमुख ने आगे कहा कि राहुल गांधी हमेशा अकेले रहते हैं, इसलिए उन्हें लगता है कि वह सुरक्षित हैं। नड्डा ने राहुल पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि उन्हें पहले कांग्रेस नेताओं को एकजुट करना चाहिए, तभी वे देश की एकता और सुरक्षा की बात कर सकते हैं।

संविधान के नाम पर कर रहे गुमराहः नड्डा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर संविधान को लेकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया और उनकी आलोचना करते हुए कहा कि आज राहुल गांधी संविधान की किताब लेकर घूमते हैं। उन्होंने संविधान की किताब पढ़ी तक नहीं है। वह बस, इसे लेकर घूमते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने संविधान में लिखा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता, लेकिन आज कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में निजी ठेकेदारों को निविदा देने में अल्पसंख्यकों को चार प्रतिशत आरक्षण दे रही है। शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे पर भी साधा निशानाः भाजपा अध्यक्ष ने शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि बालासाहेब ठाकरे ने कहा था कि वह अपनी पार्टी खत्म कर देंगे, लेकिन कांग्रेस के साथ समझौता नहीं करेंगे, लेकिन आज उद्धव ठाकरे सत्ता के लिए कांग्रेस की गोद में बैठे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बालासाहेब ठाकरे के विचारों को आगे बढ़ाया है। नड्डा ने कहा कि सत्ता की खातिर जिस तरह से आपने (उद्धव ठाकरे ने) अपने पिता के विचारों को दरकिनार कर कांग्रेस के साथ समझौता किया है, उसके लिए महाराष्ट्र आपको कभी माफ नहीं करेगा।

## लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर होटल के पूर्व सुरक्षा गार्ड ने मांगी 2 करोड़ की रंगदारी, गिरफ्तार




**नैनीताल:** लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर उत्तराखंड के हल्द्वानी के यू ट्यूबर से दो करोड़ की रंगदारी मांगने के मामले का नैनीताल पुलिस ने सोमवार को खुलासा कर दिया है। इस मामले में एक निजी होटल के पूर्व सिक्योरिटी गार्ड को गिरफ्तार किया है। हल्द्वानी के यू ट्यूबर सौरभ जोशी से लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से दो दिन पहले दो करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गयी थी। रंगदारी न देने पर सौरभ जोशी और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। आरोपी ने करन बिश्नोई के नाम से धमकी भरा पत्र सौरभ के हल्द्वानी के रामपुर रोड स्थित ओलिविया कालोनी नामक आवास पर भेजा। इससे परिवार सकते में आ गया। सौरभ जोशी ने स्वयं रविवार को इसकी शिकायत हल्द्वानी पुलिस से की।

एसएसपी पीएन मीणा ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल अभियोग पंजीकृत कर पुलिस के तेजतर्रार अधिकारियों की दो टीमें गठित की। साथ ही पीड़ित के घर और आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। पुलिस को जांच में महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लगी। आखिरकार आरोपी अरूण कुमार निवासी थानपुर पो0ओ0 डावरी, थाना फेजगंज, तहसील बिसौली, जिला बदायूं, उप्र को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को ओलिविया कालोनी से गिरफ्तार किया गया। पीएन मीणा ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी मोहाली में रेडिशन होटल में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। उसे काम में लापरवाही बरतने पर नौकरी से निकाल दिया गया। इसके बाद आरोपी ने पैसा कमाने का शॉर्ट कट रास्ता अपनाया। आरोपी ने सोशल मीडिया पर यूट्यूबर सौरभ जोशी का नाम देखा और उससे रंगदारी वसूलने की योजना बनाई। आरोपी योजना के मुताबिक पहले हल्द्वानी पहुंचा और सौरभ जोशी के घर और उसके आसपास की पूरी रेकी की। इसके बाद सौरभ जोशी के नाम धमकी भरा पत्र भेजा और पांच दिन में दो करोड़ रुपए की रंगदारी की मांग की गई। रुपए न देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। पीएन मीणा ने बताया कि आरोपी ने अपना गुनाह कुबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के ठिकानों पर छापा मारा। फिलहाल पुलिस आगे की जांच में जुट गई है।

## ईडी ने ई-कॉमर्स दिग्गज ॲमेजन - फ्लपकार्ट पर कसा शिकंजा, 19 ठिकानों पर चलाया तलाशी अभियान




**नई दिल्ली :** ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन और फ्लिपकार्ट की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। फॉरेन इन्वेस्टमेंट के लिए तय नियमों के उल्लंघन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने दोनों कंपनियों पर शिकंजा कस दिया है। फेमा उल्लंघन के मामले में इन कंपनियों से जुड़े 19 से ज्यादा ठिकानों पर तलाशी अभियान भी चलाया है। सूत्रों के अनुसार ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन और फ्लिपकार्ट (के टॉप लेवल अधिकारी विदेशी निवेश नियमों के कथित उल्लंघन (को लेकर ईडी की जांच के घेरे में हैं। रिपोर्ट में कहा कि इस मामले में दोनों कंपनियों की भूमिका की प्रारंभिक जांच पूरी करने के बाद अधिकारियों को तलब कर सकती है। रिपोर्ट की मानें तो दिल्ली बेंगलुरु, मुंबई हैदराबाद और पंचकूला (हरियाणा) में अमेजन और फ्लिपकार्ट के विक्रेताओं से जुड़े 19 से अधिक ठिकानों पर ईडी ने तलाशी अभियान चलाया है। एजेंसी ने अनियमितताओं के सबूत जुटाने के उद्देश्य से फेमा नियमों के तहत ये तलाशी अभियान चलाया था।

ईडी की जांच कई तरह की शिकायतों के आने के बाद देखने को मिली है। इनमें आरोप लगाया गया कि अमेजन और फ्लिपकार्ट प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से चुनिंदा वेंडर्स को फायदा पहुंचाकर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफडीआई नियमों का उल्लंघन कर रही हैं।

## हम बिहार की परंपराओं का सम्मान करते हैं ,समुदायों को और करीब लाने का लक्ष्य रखते हैं : विवेक कुक्कल


**देवघर :** आईटीसी आशीर्वाद स्वस्ति ने छठ पूजा के अवसर पर एक भावपूर्ण गीत लॉन्च किया था, जिसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता गायिका 'रेखा भारद्वाज' की आवाज है। परंपरा और संगीत कला के प्रेरक मिश्रण में, यह गीत त्योहार के गहरे सांस्कृतिक महत्व का उत्सव मनाता है, जिसे रेखा भारद्वाज की शक्तिशाली और भावनात्मक आवाज के माध्यम से दशार्या गया था। लॉन्चिंग कार्यक्रम झारखंड के जमशेदपुर, देवघर, धनबाद एवं रांची में एक साथ हुआ। यह गीत अलाइव इंडिया म्यूजिक फाउंडेशन के साथ मिलकर बनाया गया था, जिसके नेतृत्व गायक, संगीतकार और गीतकार सुप्रतीक घोष हैं। इस सहयोग पर बोलते हुए, रेखा भारद्वाज ने कहा, मेरे लिए पहला छठ पूजा गीत बनाना एक बहुत ही खुशी की बात रही है। यह हमारे धरोहर के प्रति एक श्रद्धांजलि है, जो हमारी समृद्ध संस्कृति और समुदाय का उत्सव मनाती है। बिहार की परंपराओं को दिखाने में आशीर्वाद स्वस्ति के प्रयासों का समर्थन करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। विवेक कुक्कल, वाइस प्रेसिडेंट और हेड, डेयरी एंड बेवरेज, आईटीसी ने कहा, छठ पूजा सिर्फ एक त्योहार नहीं है, यह बिहार की सांस्कृतिक धरोहर का एक अभिन्न हिस्सा है, जो शुद्धता और एकता का प्रतीक है। इस सहयोग के माध्यम से, हम बिहार की परंपराओं का सम्मान करते हैं और समुदायों को और करीब लाने का लक्ष्य रखते हैं। यह म्यूजिक वीडियो अब आशीर्वाद स्वस्ति और अलाइव इंडिया के यूट्यूब पेज के साथ ही, स्पॉटीफाई, एप्पल म्यूजिक, विंक और जियोसावन जैसे सभी वैश्विक संगीत स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है।

## नेफ्रोप्लस ने रांची के मां राम प्यारी सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में अत्याधुनिक डायलिसिस क्लिनिक खोला

**रांची:** भारत के सबसे बड़े डायलिसिस केयर नेटवर्क, नेफ्रोप्लस ने रांची के हरिहर सिंह रोड, बरियातू, में स्थित मां राम प्यारी सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल में नया डायलिसिस क्लिनिक खोला है। यह सुविधा बढ़िया क्वालिटी वाली डायलिसिस सेवाओं तक बेहतर पहुंच प्रदान करने के लिए बनाई गयी है।

## तिरुपति बालाजी मंदिर में गैर हिंदू कर्मचारियों के लिए निर्देश वीआरएस और ट्रांसफर में से चुनना होगा एक विकल्प

**आंध्र प्रदेश :** आंध्र प्रदेश में स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर से जुड़ बड़ी खबर सामने आई है। यहां नवगठित तिरुमला तिरूपति देवस्थानम ने मंदिर में कार्यरत गैर-हिंदू कर्मचारियों के लिए एक प्रस्ताव पारित किया गया है। इस प्रस्ताव के तहत मंदिर बोर्ड में काम करने वाले गैर-हिंदू कर्मचारियों को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने या आंध्र प्रदेश के अन्य सरकारी विभागों में ट्रांसफर लेने में किसी एक विकल्प को चुनना होगा। बता दें कि तिरुपति मंदिर बीते कई महीनों से चर्चा में बना हुआ है। कुछ ही समय पहले मंदिर के पवित्र प्रसाद में मिलावट की खबर को लेकर काफी बवाल हुआ था।



टीटीडी के अधिनियम में तीन बार संशोधनः आपको बता दें कि टीटीडी एक स्वतंत्र सरकारी ट्रस्ट है। यह दुनिया के सबसे अमीर हिंदू मंदिर तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर का प्रबंधन करता है। टीओआई के मुताबिक, बीते कुछ समय में टीटीडी के अधिनियम में तीन बार संशोधन हो चुका है। इसका मकसद ये निर्धारित करना था कि मंदिर बोर्ड और उसके संबद्ध संस्थानों द्वारा केवल हिंदुओं को नियोजित किया जाए। साल 1989 में आए एक आदेश में ये भी कहा गया था कि टीटीडी-प्रशासित पदों पर नियुक्तियां हिंदुओं तक ही सीमित रहेंगी। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक, गैर-हिंदुओं ने संगठन के भीतर काम करना जारी रखा है। जून 2024 में चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में आंध्र प्रदेश में नई सरकार बनी थी। इसके बाद कथित तौर पर हिंदू कर्मचारियों द्वारा अपने सहयोगियों को अन्य धर्मों से पहचानने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं।

**कितनी है गैर-हिंदू कर्मचारियों की संख्या? :** टीओआई के मुताबिक, तिरुमला तिरूपति देवस्थानम (टीटीडी) के नए अध्यक्ष बीआर नायडू ने इस फैसले की पुष्टि की है। हालांकि, उन्होंने मंदिर बोर्ड में काम करने वाले गैर-हिंदू कर्मचारियों की सही संख्या बताने से इनकार कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, टीटीडी के नए फैसले से बोर्ड के 7,000 स्थायी कर्मचारियों में से लगभग 300 कर्मचारी प्रभावित होंगे। बता दें कि टीटीडी में 14,000 संविदा कर्मचारी भी काम करते हैं।

**संवैधानिक है ये फैसला? :** TTD का ये फैसला संविधान के अनुच्छेद 16(5) पर आधारित है। ये अनुच्छेद धार्मिक प्रकृति के संस्थानों को अपने धर्म के सदस्यों को नियोजित करने का अधिकार देता है। आंध्र प्रदेश धर्मार्थ और हिंदू धार्मिक संस्थानों और बंदोबस्ती अधीनस्थ सेवा नियमों के नियम 3 में भी कहा गया है कि धार्मिक संस्थानों के कर्मचारियों को हिंदू धर्म को स्वीकार करना होगा। नवंबर 2023 में आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने भी कहा था कि ट्रस्ट बोर्डों को सेवा शर्तों को अनिवार्य करने का अधिकार है।

# भारतीय तटरक्षक बल सारेक्ष-24 तैयार, 40 अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षक दिखाएंगे दम

### सबसे बड़े समुद्री खोज और बचाव अभ्यास की मेजबानी करेगा देश, 40 अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षक दिखाएंगे दम

**नई दिल्ली:** भारतीय तटरक्षक बल 28 और 29 नवंबर को केरल के कोच्चि में 22वीं राष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव बोर्ड बैठक के साथ-साथ अब तक के सबसे बड़े राष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव अभ्यास (सारेक्ष-24) की मेजबानी के लिए तैयार है। तटरक्षक बल के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि इस कार्यक्रम की विषय वस्तु क्षेत्रीय सहयोग के माध्यम से खोज और बचाव क्षमताओं को बढ़ाना है। दो दिन के कार्यक्रम में अब तक के सबसे बड़े रियल-टाइम सिमुलेशन होंगे, जिनका उद्देश्य प्रभावी खोज और बचाव संचालन तथा क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय समुद्री हितधारकों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों के लिए आवश्यक कौशल को निखारना है। समुद्री विशेषज्ञों का यह जमावड़ा न केवल खोल और बचाव क्षमताओं को बढ़ाएगा, बल्कि भागीदार देशों के 40 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों की भागीदारी से संबंधों को भी मजबूत करेगा। यह अभ्यास दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर भारत के समुद्री सुरक्षा के लिए मजबूत क्षेत्रीय समन्वय के सक्रिय रुख को दशार्ता है।




यह पहल न केवल अपनी स्वयं की एसएआर क्षमताओं को मजबूत करने, बल्कि वैश्विक समुद्री सुरक्षा मानकों में योगदान देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करती है। यह कार्यक्रम परिचालन तत्परता बढ़ाने और समुद्री सुरक्षा में मजबूत क्षेत्रीय समन्वय स्थापित करने में भारत के नेतृत्व को प्रदर्शित करेगा। कार्यशाला सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और मित्र देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्त्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेगी। आधुनिक समुद्री चुनौतियों की जटिलताओं को दूर करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग में यह बढ़ी हुई भागीदारी महत्त्वपूर्ण है। क्षेत्रीय सहयोग पर कार्यक्रम का जोर व्यापक समुद्री सुरक्षा और परिचालन उत्कृष्टता सुनिश्चित करने के लिए भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण को दशार्ता है।

# गोड्डा में झामुमो नेता कल्पना सोरेन गरजीं, कहा केंद्र सरकार योजनाओं में डालती है रुकावट



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गोड्डा :** झामुमो नेता कल्पना सोरेन एक बार फिर मोदी सरकार पर गरजीं, कहा भाजपा झारखंड के लिए अभिशाप है. वह हर योजना में रुकावट डालती है. उन्होंने महागठबंधन की प्रत्याशी दीपिका पांडेय के बारे में कहा कि इनके ही प्रयास से कृषि ऋण माफ हुआ है तथा मंईयां योजना में भी इनका साथ मिला है. इसलिये आप लोग इनको विजयी बनाएं और हेमंत सोरेन को दोबारा इस राज्य का मुख्यमंत्री बनाएं.

गोड्डा जिले के महागामा विधानसभा के समदा मैदान में झामुमो नेता कल्पना सोरेन ने दीपिका पांडेय सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा हमें अभिशाप देती है और झारखंड की विकास योजनाओं में बाधा उत्पन्न करती है. झारखंड में दीपिका दीदी के साथ मिलकर मंईयां योजना की शुरूआत की, जिससे आधी आबादी के जीवन में खुशहाली आयी है.

कल्पना सोरेन ने कहा कि दीपिका पांडेय सिंह के कृषि मंत्री बनते ही उनके प्रयासों से राज्य में किसानों का दो लाख तक का ऋण माफ हुआ है. उन्होंने कहा कि हमने सरना धर्म कोड हो या 1932 खतियानी का मामला नीति बनाकर विधानसभा में पारित कर भेज दिया है लेकिन केंद्र सरकार ने उस पर रोक लगा रखी है.

कल्पना सोरेन ने कहा कि ऐसे में झारखंड विरोधी मानसिकताा वाले एनडीए को फिर राज्य में पनपने नहीं देना है. इस दौरान कल्पना ने लोगों से पूछा कि महगामा में क्या चल रहा है? तो लोगों ने हाथ उठाकर समर्थन किया. इसके बाद कल्पना सोरेन चुनावी सभा में आए लोगों से दीपिका पांडेय सिंह के समर्थन में मतदान करने का अनुरोध किया.

ज्ञात रहे कि महगामा में 20 नवंबर को दूसरे चरण में मतदान होगा. इस दौरान कल्पना सोरेन ने आदिवासियों को संथाली भाषा मे संबोधित करते हुए कहा कि उनके पति को केंद्र की भाजपा सरकार ने झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल मे डाल दिया था लेकिन वह अदालत के आदेश से आज बाहर हैं. यह जनता का प्यार है. उन्होंने कहा कि अगर आम जनता का आशीर्वाद मिलता रहेगा तो उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा और उनके पति हेमंत सोरेन दोबारा झारखंड के मुख्यमंत्री बनेंगे.

## निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर कल




**ज्योति पाठक –**

किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार,
किसी का दर्ज मिल सके तो ले उधार,
किसी के वास्ते हो तेरे दिल में प्यार,
जीना इसी का नाम है।
अपने लिऐ जिए तो क्या जिए
तू जी ऐ दिल जमाने के लिए।

इन गानों में जीवन की यथार्थ छिपी पड़ी है और इसका अनुसरण कर हम लोगों की पीड़ा और व्यथा कम कर सकते हैं। इन पंक्तियों को चक्रधरपुर के स्वर्ण व्यवसायी सह समाजसेवी एवं होटल सेंट्रल पार्क के संचालक किशोर बर्मन अपने पुरे परिवार के साथ लोगों की सूधि लेते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तम्बाकु पट्टी स्थित होटल सेंट्रल पार्क परिसर में निःशुल्क परामर्श और चिकित्सा जाँच का आयोजन किया है। मुख्य रूप से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए यह जाँच शिविर तो काफी राहत भरा है। वहीं सामान्य लोग भी अपनी चिकित्सा जाँच और झारखण्ड के प्रख्यात मधुमेह विशेषज्ञ सह थाईराईड के जानकार डॉ0 सौम्य सेन गुप्ता के स्वास्थ्य विमर्श का लाभ उठायेंगे। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए किशोर बर्मन ने बताया कि 20 नवम्बर को होटल सेंट्रल पार्क परिसर में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क जांच और परामर्श दिए जायेंगे जिनमें मुख्य रूप से ब्लड सुगर, ब्लड प्रेशर, थायराईड, लिपिड प्रोफाईल, लिवर फंक्सन टेस्ट, यूरिक एसिड, एच.बी.एवन.सी, बायो द सिमोट्र, पुलमोनरी फंगसन टेस्ट, फाईब्रोस्केन टेस्ट मुख्य रूप से शामिल हैं तथा ये सभी जाँच पूर्ण रूप से निःशुल्क हैं। जाँच कराने वाले व्यक्ति ससमय पहुंचकर अपना जाँच निःशुल्क अवश्य कराऐं तथा प्रख्यात चिकित्सक डॉ0 सौम्य सेन गुप्ता के सलाह का भरपुर लाभ भी उठायें।

## डालसा के द्वारा मंडलकारा चाईबासा में जेल अदालत का हुआ आयोजन

**बिनय मिश्रा – चाईबासा :** राष्ट्र विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली और डालसा राँची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिम सिंहभूम चाईबासा द्वारा मंडलकारा चाईबासा में रविवार को जेल अदालत का आयोजन किया गया। जेल अदालत के लिए गठित पूजा पाण्डे के न्यायिक पीठ ने प्रस्तुत मामलों की समीक्षा की। विधिक जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा की प्रभारी सचिव एंजिलिना नीलम मड़की ने कहा कि सभी कैदियों को न्यायालय में चल रहे अपने मामले के बारे में जानकारी रखनी चाहिए। सभी बंदियों को निःशुल्क न्याय देना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जेल अधीक्षक सुनील कुमार डालसा के सहायक अभिषेक कुमार अन्य न्यायपालिका के कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## पथ निर्माण विभाग अवर प्रमण्डल चक्राधरपुर के कार्यालय को तत्कालीन सहायक अभियंता राजु किस्पोट्टा ने बनाया भव्य एवं बेहतर




**बिनय मिश्रा –** अधिकारी अगर कर्मठ और कार्यों के प्रति जवाबदेह हों तो विभाग में विकास गति स्वतः दिखायी पड़ने लगती है। कमोवश पथ निर्माण विभाग के अवर प्रमण्डल चक्रधरपुर का कार्यालय जो कभी खण्डहर और सुविधा से वंचित रहा था वहीं इस अवर प्रमण्डल में सहायक अभियंता के रूप में जब राजु किस्पोट्टा का पदस्थापना हुआ तब उन्होंने इस खण्डहर और अराजकता के रूप में पहचाने जाने वाले इस कार्यालय की सूधि लेते हुए व्यापक सुविधा मुहैया कराया। मुख्य द्वार से लेकर कार्यालय भवन का जीर्णोद्वार हुआ और सुविधा भी उपलब्ध कराये गयें। उनके द्वारा अवर प्रमण्डल चक्रधरपुर की सूधि लेते हुए बेहतर तरीके से कार्य सम्पादित कराकर वर्षों से उपेक्षित इस कार्यालय को भव्य और बेहतर बनाया। आज इसी का यह परिणाम है कि यह कार्यालय सुविधा से परिपूर्ण एवं उत्कृष्ठ दिखाई पड़ रहा है। मुख्य द्वार से लेकर कार्यालय भवन की चमक देखते ही बनती है। हालांकि श्री किस्पोट्टा का तबादला चक्रधरपुर अवर प्रमण्डल से भवन निर्माण विभाग राँची हो गया है किन्तु श्री किस्पोट्टा के द्वारा अवर प्रमण्डल को इतने बेहतर और सुन्दर तरीके से जीर्णोद्वार कराया गया है कि आज भी इस निर्माण के लिए विभाग सहायक अभियन्ता श्री किस्पोट्टा को इसका श्रेय देते हैं। सरकारी सेवा में तबादला सामान्य प्रक्रिया है किन्तु किये गये कार्य अधिकारी के बेहतर गुण और कार्यों को हमेशा दशार्ता है। ऐसे सहायक अभियन्ता से विभाग निश्चित तौर पर गौरवान्वित भी होता है।

## उप नगर आयुक्त की रिपोर्ट में पेड़ काटे जाने की पुष्टि

सरायकेला : आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 17 स्थित प्रभात पार्क के पेड़ काटे जाने के मामले में सोमवार को उप नगर आयुक्त पारूल सिंह ने निरीक्षण के बाद नगर आयुक्त रवि प्रकाश को अपनी जांच रिपोर्ट सौंप दी है. रिपोर्ट में उप नगर आयुक्त ने पेड़ काटे जाने की पुष्टि की है. नगर निगम की निगरानी टीम के साथ किया था निरीक्षण

उन्होंने अपने रिपोर्ट में कहा है कि पार्क की मूल संरचना से छेड़छाड़ किए बिना ठेकेदार को व्यवसाय की अनुमति दी गई थी. लेकिन ठेकेदार द्वारा पार्क में लगाये गए करीब 25 से 30 पेड़ को काटा गया है जो जघन्य अपराध है. अब इस मामले में जिले के डीएफओ जांचोपरांत उचित कार्रवाई करेंगे. बता दें कि नगर निगम के वार्ड 17 स्थित प्रभात पार्क में पेड़ काटे जाने मामले को लेकर यहां के स्थानीय बुद्धिजीवी काफी आक्रोशित हैं. जिसको देखते हुए उप नगर आयुक्त ने नगर निगम की निगरानी टीम के साथ सोमवार को निरीक्षण किया था. इस संबंध में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नगर निगम के सिटी मैनेजर देवाशीष प्रधान ने बताया कि आदित्यपुर नगर निगम के अपर नगर आयुक्त रवि प्रकाश सिंह द्वारा मिले निर्देश अनुसार सोमवार को उप नगर आयुक्त पारुल सिंह ने क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड 17 स्थित प्रभात पार्क में पेड़ काटे जाने वाले शिकायत को लेकर निरीक्षण किया. जिसमें उन्होंने प्रथम दृष्टया पेड़ काटे जाने का मामला सही पाया है.

## मांडर के भारती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में शांति शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मांडर।** भारती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विभिन्न विभागों (बी.एड., डी.एल.एड., नर्सिंग, जी.एन.एम., फामेर्सी) के संयुक्त प्रयास और प्रेम रावत के राज विद्या केंद्र के सौजन्य से सोमवार को शांति शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की शैक्षणिक सचिव सह प्राचार्या श्रीमती दीपाली पराशर उपस्थित थीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शैक्षणिक शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक शिक्षा भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, जब तक व्यक्ति 'मैं कौन हूं' को नहीं समझता, तब तक जीवन का सच्चा आनंद नहीं ले सकता, और इसके लिए शांति का होना आवश्यक है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पोस्टल इंस्पेक्टर श्री उदय कुमार ने छात्रों को प्रेम रावत के शांति संदेश प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित किए। उन्होंने प्रेम, शांति, और सद्भावना के महत्व पर प्रकाश डाला।

महाविद्यालय के डीन उपेंद्र उपाध्याय ने शांति को जीवन का एक आवश्यक पहलू बताते हुए कहा कि यह आपके मन और जीवन को वैसा ही देखने की कला है, जैसा वह वास्तव में है। वहीं, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर श्री मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि अध्यात्मिकता बाहरी चीजों से नहीं, बल्कि आपके भीतर की प्रक्रिया से जुड़ी होती है।

इस अवसर पर नर्सिंग विभाग की प्राचार्या निहारिका श्रीवास्तव, व्याख्याता रिभा कुमारी, विवेक राज जायसवाल, अमित कुमार, विनीत शर्मा, सुबोध शर्मा, रश्मि सिन्हा, सलमान अंसारी, इमरोज और संस्थान के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्रेम, शांति, और आध्यात्मिकता के महत्व पर विचार साझा किए गए, जिससे छात्रों को जीवन की गहरी समझ और सकारात्मक दृष्टिकोण प्राप्त करने की प्रेरणा मिली।

## नौशाद आलम द्वारा चुनाव के क्रम में तत्काल भुगतान काफी मददगार और एतिहासिक रहा



**बिनय मिश्रा**

**रांची :** झारखण्ड के लोकप्रिय डीआईजी बजट नौशाद आलम के द्वारा विधानसभा चुनाव 2024 में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों को भ×ा के अग्रिम भुगतान हेतु पुरे झारखण्ड राज्य में लगभग 20 करोड़ राशि चुनाव में लगे पुलिस पदाधिकारियों एवं अधिकारियों के लिए भेजा गया था किन्तु कई जिलों में लेखापाल के उदासिनता और लापरवाही के फलस्वरूप ससमय भुगतान नहीं हो पाया था। इस प्रकरण को डीआईजी बजट नौशाद आलम के द्वारा गंभीरता से लेते हुए तत्क्षण इसपर कार्यवाही की गयी। जब झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने डीआईजी से मिलकर इसकी जानकारी दी। इसे गंभीरता से लेते हुए डीआईजी बजट ने कारगर पहल करते हुए सकारात्मक पहल किया है और व्यवस्था को बेहतर बनाते हुए तत्काल भुगतान की व्यवस्था हो इसके लिए भी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इस बेहतर और उत्कृष्ठ कार्य के लिए झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन के महामंत्री मो0 महताब आलम एवं संयुक्त सचिव तथा कोषाध्यक्ष रंजन कुमार ने डीआईजी को इसके लिए धन्यवाद दिया है। विदित हो कि भारतीय पुलिस सेवा 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी नौशाद आलम ने डीआईजी बजट के रूप में पदभार संभालने के साथ ही पुलिस अधिकारी, पदाधिकारी और पुलिस कर्मियों के लिए निरंतर सार्थक और बेहतर पहल कर रहे हैं और इसी का यह परिणाम है कि बजट डीआईजी के रूप में श्री आलम काफी लोकप्रिय भी हैं।

## यूसिल की नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट में ट्रेड टेस्ट शुरू

**जमशेदपुर:** डीजीएमएस चाईबासा के तत्वावधान यूसिल की नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट में आयोजित ट्रेड टेस्ट (18 - 24 नवंबर तक) की सोमवार से शुरूआत हुई. वहीं खान सुरक्षा सप्ताह के पहले दिन माइनिंग मेट व एसटी-एमटी कुल 36 प्रतिभागियों का लिखित, मौखिक व वाहन दौड़कर जमीनी टेस्ट लिया गया. इस मौके पर जज के तौर पर महुलडीह यूरेनियम प्रोजेक्ट के खान प्रबंधक केएस पडियार एवं हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड घाटशिला से दानवीर कर्ण को आमंत्रित किया गया. यूसिल में 62वें खान सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में पहले दिन यूसिल की सात माइंस मसलन जादूगोड़ा, नरवा पहाड़, तुरामडीह, बागजाता, महुलडीह, बान्धु-हुरांग समेत हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की दो एवं लावा माइंस से कुल 36 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. जिसकी अगुवाई जादूगोड़ा माइंस खान समूह के एजेंट सह उप महाप्रबंधक मनोरंजन महाली, आंतरिक खान सुरक्षा प्रमुख केके राव, नरवा पहाड़ माइंस खान प्रबंधक एसपी टेम्पर्ड व सेफ्टी ऑफिसर प्रकाश कुमार ने की. समापन के अंतिम दिन 24 नवंबर को श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा.

## बीडीओ कांचन मुखर्जी के योगदान देने के पश्चात से प्रखण्ड के विकास कार्यों में आयी तेजी






**ज्योति पाठक**

झारखण्ड प्रशासनिक सेवा के तेज तर्रार, कर्मठ एवं अपने दायित्व के लिए निरंतर जुटे रहने वाले चक्रधरपुर के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कंचल मुखर्जी के योगदान देने के पश्चात से प्रखण्ड के विकास कार्यों में तेजी आयी है। श्री मुखर्जी 42वें प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के रूप में 9 अक्टुबर 2024 को अपना पदभार ग्रहण किया। काफी समय से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के पद रिक्त रहने के फलस्वरूप प्रभारी पदाधिकारी केवल पदस्थापित रहें किन्तु जमीन पर कार्य नहीं हो पाने से प्रखण्डवासियों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। श्री मुखर्जी खूँटी जिला के तोरपा प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित रहें तथा अपने बेहतर कार्य से इस प्रखण्ड को बेहतर प्रखण्ड भी बनाया। लोकसभा चुनाव के दौरान इनके द्वारा बेहतर कार्य से खूँटी के उपायुक्त लोकेश कुमार मिश्रा काफी प्रभावित रहें तथा इनके कार्यों की सराहणा भी की। तोरपा के पश्चात श्री मुखर्जी चक्रधरपुर में पदस्थापित हुए और अपने पदस्थापना के पश्चात प्रखण्ड अन्तर्गत सभी पंचायतों, गांव और टोला का निरीक्षण कर वस्तुतः स्थिति से वाकिफ हुए। जहां भी इन्हें विकास कार्यों में कमी दिखी उसे तत्काल सुधारने की निर्देश भी दिया। विद्यालयों का निरीक्षण कर बच्चों के हित की भी जानकारी ली। विधानसभा चुनाव में भी इनके बेहतर कार्यप्रणाली को जिला के उपायुक्त कुलदीप चैधरी ने सराहा और चक्रधरपुर प्रखण्ड में विकास कार्यों में तेजी और गति के लिए निरंतर प्रयास को भी उन्होंने काफी बेहतर बताया। इस प्रकार से काफी समय से प्रखण्ड में स्थायी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नहीं रहने से प्रखण्ड में जो अराजकता थी उसे दुर करते हुए उन्होंने चक्रधरपुर प्रखण्ड को बेहतर बनाने की दिशा में कारगर पहल कर रहे हैं।

## चौका में लगी आधी स्ट्रीट लाइटों पर फिर लगा ग्रहण, राहगीर परेशान



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सरायकेला :** टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चौका ओवर ब्रिज पर लगी स्ट्रीट लाइटों से आवागमन करने वाले यात्रियों ओर वाहन चालकों को सहुलियत हो रही थी. लेकिन पिछले कुछ दिनों से एनएच 33 पर बने ओवर ब्रिज के चौका गांव की ओर लगी स्ट्रीट लाइटों को कुछ दिनों तक जलने के बाद एक बार फिर ग्रहण लग गया है. जमशेदपुर से रांची जाने की ओर मेन रोड पर शुरूआत की करीब 20 लाइट और सर्विस रोड के दो लाइट नहीं जल रही है.

स्ट्रीट लाइट खराब रहने की वजह से रात में सफर करने वाले यात्रियों को अंधेरे में सर्विस रोड का अंदाजा नहीं मिलता है. ऐसे में या तो वे मेन रोड पर आगे निकल जा रहे हैं या अचानक वाहन मोड़ने के कारण दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं. सर्विस रोड के प्रारंभ होने वाले स्थान पर किसी प्रकार का साइनेज वाला बोर्ड भी नहीं लगा है. बोर्ड नहीं लगा रहने के कारण राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

राष्ट्रीय राजमार्ग पर नहीं मिल रहीं सुविधाएं

चांडिल गोलचक्कर में रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य को छोड़कर टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 को फोरलेन बनाने का काम लगभग पूरा हो गया है. इस फोरलेन टोल रोड पर आवागमन करने वाले यात्रियों के साथ वाहन चालकों को कई प्रकार की सुविधाएं भी देना है. सड़क पर टोल टेक्स की वसूली दो वर्ष पहले से ही शुरू हो गई है, लेकिन यात्रियों को मिलने वाली कई सुविधाओं को अबतक शुरू नहीं किया गया है. सड़क पर जरूरत के कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट लगाई गई है. लेकिन अधिकांश स्थानों में लाइट जलाई नहीं जाती है. वहीं जेब्रा क्रॉसिंग वाले स्थानों में ब्लींकर लाइट लगाया गया है. अधिकांश जेब्रा क्रॉसिंग में दोनों ब्लींकर लाइट नहीं जलती है. यात्रियों को मिलने वाली शौचालय और वाहन चालकों कों विश्राम गृह की सुविधा भी अबतक नहीं मिल पाया है. कई बार लोगों से संबंधित लोगों से इसकी शिकायत भी किया, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान अबतक नहीं हो सका.

## महिला ने की आत्महत्या, गांव में फैली सनसनी

**मांडर।** थाना क्षेत्र के बंझिला गांव में रविवार शाम 40 वर्षीय प्रतिमा देवी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया।पुलिस के अनुसार, प्रतिमा देवी ने अपने घर में साड़ी का फंदा बनाकर छत पर लगे पाइप से लटककर अपनी जान दे दी। इस घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। मृतका के पति परमेश्वर महली ने बताया कि घटना के समय वह घर से बाहर थे। जब वे शाम को लौटे, तो उन्होंने देखा कि घर का दरवाजा अंदर से बंद है। कई बार आवाज लगाने और दरवाजा खटखटाने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने दरवाजा तोड़ा, तो पत्नी को फांसी के फंदे पर लटकता पाया। घटना के बाद उन्होंने पड़ोसियों को बुलाया, जिससे मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।